


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

वर्ष 03 : अंक : 338 | ग्वालियर, सोमवार 18 जनवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8




## न्यूज ट्रैक

### पश्चिम बंगाल चुनाव में बिहार की गलतियां नहीं दोहराएगी कांग्रेस, लेफ्ट के साथ सीट शेयरिंग को लेकर यह होगी रणनीति



नई दिल्ली।पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बिहार की गलतियां नहीं दोहराएगी। लेफ्ट पार्टियों के साथ गठबंधन में अधिक से अधिक सीट पर चुनाव लड़ने के बजाए पार्टी मजबूत सीट पर दांव लगाएगी। ताकि, पिछले विधानसभा चुनाव से बेहतर प्रदर्शन किया जा सके। वर्ष 2016 में कांग्रेस ने गठबंधन में 92 सीट पर चुनाव लड़कर 44 सीट हासिल की थी। हालांकि, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और लेफ्ट का गठबंधन टूट गया था।पश्चिम बंगाल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि लेफ्ट के साथ सीट बंटवारे में संख्या के बजाए मजबूत सीट पर दावेदारी है। पिछली बार हमने 92 सीट पर चुनाव लड़ा था। विधानसभा और लोकसभा में प्रदर्शन के आधार पर हम अधिक सीट लड़ सकते हैं। पर इस बारे में निर्णय पिछले चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। बिहार की तरह हम गठबंधन में ऐसी सीट नहीं लेंगे, जिस पर कभी जीत नहीं हुई हो।बिहार में कांग्रेस ने 70 सीट पर चुनाव लडकर सिर्फ 19 सीट जीती थी। सीट की संख्या बढाने के लिए पार्टी ने कई सीट ऐसी चुनाव लड़ा, जिन पर पिछले कई चुनावों में उसका प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। वहीं, गठबंधन में लेफ्ट पार्टियों को साथ रखने के लिए कांग्रेस ने अपनी कई जीती हुई सीट छोड़ दी थी। इसके साथ कांग्रेस को एआईएमआईएम के चुनाव लड़ने की वजह भी कई सीट चुनावी नुकसान उठाना पड़ा था। कांग्रेस ने लेफ्ट के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी, अब्दुल मन्नान, प्रदीप भट्टाचार्य और नेपाल मेहतों की समिति गठित की है। समिति लेफ्ट पार्टियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत कर रही है। सीट बंटवारे के साथ दोनों पार्टियां संयुक्त साझा कार्यक्रम और चुनाव कार्यक्रम पर भी चर्चा कर रहे है। पार्टी नेता ने कहा कि हमारी कोशिश है कांग्रेस-लेफ्ट गठबंधन चुनाव में विकल्प के तौर पर उभरे।दरअसल, वर्ष 2016 विधानसभा चुनाव कांग्रेस और लेफ्ट ने गठबंधन में लड़ा था। इस चुनाव में कांग्रेस ने 92 सीट पर चुनाव लड़कर 44 सीट हासिल की। जबकि लेफ्ट 148 सीट पर चुनाव लडकर 26 सीट हासिल कर सका। हालांकि, कांग्रेस के मुकाबले उसे करीब सात फीसदी वोट ज्यादा मिले थे। इसके बाद 2019 लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों का गठबंधन टूट गया। इन चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ दो सीट मिली, जबकि लेफ्ट कोई सीट नहीं जीत पाई थी। इसलिए, कांग्रेस और लेफ्ट ने एक बार फिर गठबंधन किया है। कांग्रेस के पश्चिम बंगाल प्रभारी जितिन प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। लेफ्ट के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत चल रही है। हम जल्द आगे के कार्यक्रम तय कर, पश्चिम बंगाल में एक विकल्प के रुप में उभरेंगे।

### प्रदर्शनकारी किसानों ने कहा- जब तक कृषि कानूनों को रद्द नहीं किया जाता, तब तक वैक्सीन नहीं लेंगे

**नई दिल्ली।**कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों के संगठन संयुक्त किसान मोर्चा ने रविवार को ऐलान किया कि 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में अपनी प्रस्तावित ट्रैक्टर परेड निकालेंगे। सिंघु बॉर्डर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किसान नेताओं ने कहा कि हम गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में बाहरी रिंग रोड पर एक ट्रैक्टर परेड करेंगे। परेड बहुत शांतिपूर्ण होगी।

## मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया- भगोड़े विजय माल्या को भारत लाने की हर कोशिश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि बैंकों का अरबों रुपए का कर्ज नहीं चुकाने के आरोपी भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को ब्रिटेन से भारत लाने के सभी प्रयास किये जा रहे हैं, लेकिन इसमें कुछ बिंदुओं पर पर चल रही कानूनी कार्यवाही की वजह से विलंब हो रहा है। विजय माल्या, बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस पर बैकों का 9 हजार करोड़ रुपए से भी अधिक बकाया राशि का भुगतान नहीं करने के मामले में आरोपी है।

न्यायमूर्ति उदय यू ललित और न्यायमूर्ति अशोक भूषण की पीठ से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने विजय माल्या के प्रत्यर्पण की स्थिति के बारे में रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कुछ समय देने का अनुरोध किया। इस पर पीठ ने इसकी सुनवाई 15 मार्च के लिए स्थगित कर दी। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सुनवाई शुरू होते ही केंद्र की ओर से मेहता ने विजय माल्या के ब्रिटेन से प्रत्यर्पण की स्थिति के बारे में विदेश मंत्रालय के अधिकारी देवेश उत्तम द्वारा उन्हें लिखा गया पत्र पीठ के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन की सरकार के सामने माल्या के प्रत्यर्पण का मुद्दा उठाया है और केंद्र पूरी गंभीरता से उसे वापस लाने के प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी प्रयासों के बाद भी स्थिति पूर्ववत है और राजनीतिक कार्यपालिका के स्तर से लेकर प्रशासनिक स्तर पर बार-बार यह मामला उठाया जा रहा है। पीठ ने विदेश मंत्रालय के इस अधिकारी का यह पत्र रिकॉर्ड पर लेने के बाद सुनवाई 15 मार्च के लिए स्थगित कर दी। विजय माल्या 2016 से ब्रिटेन में है। माल्या प्रत्यर्पण वारंट पर स्काटलैंड यार्ड पुलिस द्वारा किए अमल के बाद से 18 अप्रैल, 2017 से जमानत पर है। मेहता द्वारा न्यायालय में पेश पत्र में कहा गया है, विदेश मंत्रालय को ब्रिटिश सरकार ने सूचित किया है कि इसमें एक और कानूनी मुद्दा है जिसे माल्या का प्रत्यर्पण करने से पहले सुलझाने की आवश्यकता है। पत्र में कहा गया है, ब्रिटिश कानून के तहत इस मुद्दे को हल किए बगैर प्रत्यर्पण नहीं किया जा सकता है। चूंकि यह न्यायिक किस्म का है, इसलिए यह विषय गोपनीय है और आप समझ सकते हैं कि सरकार इस बारे में ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं करा सकती। हम यह अंदाजा भी नहीं लगा सकते कि इसके समाधान में कितना वक्त लगेगा। भारत सरकार के लिए इस मामले के महत्व को ब्रिटिश सरकार पूरी तरह समझती है। मैं यह आश्वासन दे सकता हूं कि ब्रिटिश सरकार यथाशीघ्र इसे हल करने का प्रयास कर रही है।



पत्र में यह भी लिखा है, भारत सरकार विजय माल्या के प्रत्यर्पण के लिये लगातार प्रयास कर रही है। नवंबर, 2020 में विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल के सामने यह मुद्दा उठाया था और उन्होंने विजय माल्या के शीघ्र प्रर्त्यपण में आ रही कानूनी पेचीदगी के बारे में बताया था। पत्र में आगे कहा गया है कि दिसंबर, 2020 में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डॉमिनिक राब के सामने यह मसला उठाया और हाल ही में जनवरी, 2021 में भारत के गृह सचिव ने यह विषय उठाया लेकिन ब्रिटेन का जवाब पहले वाला ही रहा। न्यायालय ने पिछले साल दो नवंबर को केन्द को भगोड़े कारोबारी विजय माल्या को भारत लाने के बारे में ब्रिटेन में प्रत्यर्पण को लेकर लंबित कार्यवाही की स्थिति रिपोर्ट छह सप्ताह के भीतर पेश करने का निर्देश दिया था। केंद्र ने पांच अक्टूबर को न्यायालय को बताया था कि भगोड़े कारोबारी विजय माल्या का उस समय तक भारत प्रत्यर्पण नहीं हो सकता जब तक ब्रिटेन में चल रही एक अलग गोपनीय कानूनी प्रक्रिया का समाधान नहीं हो जाता। केंद्र ने कहा था कि उसे ब्रिटेन में विजय माल्या के खिलाफ चल रही इस गोपनीय कार्यवाही की जानकारी नहीं है। सरकार का कहना था, ब्रिटेन की सर्वोच्च अदालत ने माल्या के प्रत्यर्पण की कार्यवाही को बरकरार रखा है लेकिन अभी ऐसा नहीं हो रहा है। इससे पहले, न्यायालय ने विजय माल्या का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता ई सी अग्रवाल को इस मामले से मुक्त करने का अनुरोध ठुकरा दिया था। शीर्ष अदालत ने इससे पहले माल्या की 2017 की पुनर्विचार याचिका खारिज करते हुये उसे पांच अक्टूबर, 2020 को पेश होने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने विजय माल्या को अदालत के आदेशों का उल्लंघन करके अपने बच्चों के खातों में चार करोड़ अमेरिकी डालर हस्तांतरित करने के मामले में 2017 में उसे अवमानना का दोषी ठहराया था।

## चैटलीक विवाद: अर्नब गोस्वामी ने पाकिस्तान के पीएम इमरान खान को दिया जवाब

**नई दिल्ली।** अर्नब गोस्वामी के व्हाट्सऐप चैटलीक विवाद का सहारा लेकर भारत के खिलाफ बयानबाजी करने वाले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को रिपब्लिक टीवी के संपादक ने जवाब दिया है। अर्नब गोस्वामी ने इमरान खान को घेरने के साथ उन आरोपों पर भी अपनी सफाई दी है जिनमें कहा जा रहा है कि उन्हें बालाकोट एयर स्ट्राइक की जानकारी पहले से थी। इमरान खान को एक आतंकवादी देश में आईएसआई की कठपुतली बताते हुई अर्नब गोस्वामी ने कहा है कि पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई की इच्छा आधिकारिक रूप से स्पष्ट थी। किसी भी भारतीय राष्ट्रवादी के मन में कोई शंका नहीं थी कि हम जवाब देंगे। जैसा कि हमने किया भी। अर्नब गोस्वामी ने चैनल की ओर से जारी एक बयान में कहा, इमरान खान ने बालाकोट को मानने से इनकार करने की कोशिश की थी, लेकिन बाद में स्वीकार करना पड़ा। बालाकोट कोई फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन नहीं था, यह पाकिस्तानी आतंकवाद को सीधा और जरूरी जवाब था। अर्नब ने यह भी कहा कि पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद हर भारतीय बदला चाहता था, इसलिए अब कुछ भारतीय मीडिया हाउसेज की ओर से रिपब्लिक की उम्मीद पर सवाल उठाना अवसरवाद है। अर्नब गोस्वामी ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ मीडिया चैनल्स रिपब्लिक के विरोध में आईएसआई और इमरान खान की ताकत बढ़ाने वाले बन गए हैं। उन्होंने रिपब्लिक के खिलाफ पाकिस्तान पर साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय पुलिस के दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई के समर्थन में आ गए हैं तो कहने के लिए कुछ बच नहीं जाता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अर्नब गोस्वामी के वायरल चैट का सहारा लेकर भारत पर अपनी खीझ निकाली है। गोस्वामी के कथित चैट में बालाकोट एयरस्ट्राइक का जिक्र होने की वजह से इमरान खान ने इसे भारत सरकार पर हमला करने के लिए मौके के रूप में लिया है और मोदी सरकार पर



आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। इमरान खान ने ट्वीट कर आरोप लगाया कि बालाकोट हमले के जरिए मोदी सरकार ने चुनावी फायदा उठाया और इलाके को संघर्ष की आग में झोंक दिया। इमरान खान ने सिलसिलेवार तरीके से कई ट्वीट किए। इमरान खान ने साल 2019 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए अपने एक भाषण का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने बालाकोट का इस्?तेमाल अपने घरेलू चुनावी फायदे के लिए किया। उन्होंने आगे कहा कि एक भारतीय पत्रकार के चैट खुलासे से मोदी सरकार और भारतीय मीडिया के बीच अपवित्र सांठगांठ का पता चलता है, जिसके कारण चुनाव जीतने के लिए पूरे इलाके को सैन्य संघर्ष की आग में झोंक दिया गया।


अर्नब गोस्वामी के व्हाट्सऐप चैटलीक विवाद का सहारा लेकर भारत के खिलाफ बयानबाजी करने वाले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को रिपब्लिक टीवी के संपादक ने जवाब दिया है। अर्नब गोस्वामी ने इमरान खान को घेरने के साथ उन आरोपों पर भी अपनी सफाई दी है जिनमें कहा जा रहा है कि उन्हें बालाकोट एयर स्ट्राइक की जानकारी पहले से थी। इमरान खान को एक आतंकवादी देश में आईएसआई की कठपुतली बताते हुई अर्नब गोस्वामी ने कहा है कि पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई की इच्छा आधिकारिक रूप से स्पष्ट थी। किसी भी भारतीय राष्ट्रवादी के मन में कोई शंका नहीं थी कि हम जवाब देंगे। जैसा कि हमने किया भी। अर्नब गोस्वामी ने चैनल की ओर से जारी एक बयान में कहा, इमरान खान ने बालाकोट को मानने से इनकार करने की कोशिश की थी, लेकिन बाद में स्वीकार करना पड़ा। बालाकोट कोई फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन नहीं था, यह पाकिस्तानी आतंकवाद को सीधा और जरूरी जवाब था। अर्नब ने यह भी कहा कि पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद हर भारतीय बदला चाहता था, इसलिए अब कुछ भारतीय मीडिया हाउसेज की ओर से रिपब्लिक की उम्मीद पर सवाल उठाना अवसरवाद है। अर्नब गोस्वामी ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ मीडिया चैनल्स रिपब्लिक के विरोध में आईएसआई और इमरान खान की ताकत बढ़ाने वाले बन गए हैं। उन्होंने रिपब्लिक के खिलाफ पाकिस्तान पर साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय पुलिस के दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई के समर्थन में आ गए हैं तो कहने के लिए कुछ बच नहीं जाता है।


## बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर तेजस्वी ने की राज्यपाल से मुलाकात, कहा

### सीएम नीतीश जितनी समीक्षा बैठक कर रहे हैं, सूबे में उतना ही क्राइम बढ़ता जा रहा है



**पटना।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को कहा कि बिहार में अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिसे लेकर आज हमने राज्यपाल से मुलाकात की। तेजस्वी ने बताया कि राज्यपाल को हमने सूबे में आए दिन हो रही हत्या, लूट और रेप जैसी घटनाओं से अवगत कराया है। तेजस्वी ने यह भी कहा कि राज्यपाल ने भी यह माना है कि राज्य में अपराध बढ़ रहे हैं और वो खुद इसे लेकर चिंतित हैं। राज्यपाल से मुलाकात करने के बाद मीडिया के साथ बातचीत में तेजस्वी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक ओर समीक्षा बैठक कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर राज्य में तेजी से अपराध बढ़ता ही जा रहा है।राज्यपाल जी का भी मानना है कि बिहार में अपराध बढ़े हैं इसको लेकर वो भी चिंतित है और उन्होंने कहा है कि इस पर वो हस्तक्षेप करेंगे। प्रदेश जदयू के मुख्य प्रवक्ता संजय सिंह ने विपक्ष के नेता के बयान पर प्रतिक्रिया में कहा कि तेजस्वी यादव द्वारा अपराध का ढोल पीटा जाना महज दिखावा है। आरोप लगाया कि जो जिसका प्रोडक्ट होता है, वह उसी का प्रचार करता है। तेजस्वी परिवार का प्रोडक्ट है क्राइम और वे क्राइम के ब्रांड एम्बेसेडर हैं। जबकि नीतीश कुमार का प्रोडक्ट सुशासन, गुड गवर्नेंस है। और नीतीश कुमार पूरे देश में गुड गवर्नेंस के ब्रांड एम्बेसेडर हैं।

### कर्ज में डूबे पाकिस्तान पर टूटेगा मुसीबतों का पहाड़, सऊदी के बाद अब इमरान सरकार को यूएई देगा झटका

नई दिल्ली। आर्थिक तंगी झेल रहे और कर्ज में डूबे पाकिस्तान पर एक और मुसीबत का पहाड़ टूटने वाला है। पहले सऊदी अरब ने कर्ज वाले अपने पैसे मांगकर पाकिस्तान की टेंशन बढ़ा दी थी, मगर अब संयुक्त अरब अमीरात भी कुछ इसी तरह का झटका दे सकता है। सऊदी अरब ने पाकिस्तान को 3 अरब डॉलर का कर्ज शीघ्र चुकाने को कहा है, अब ऐसी संभावना है कि आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे पाकिस्तान से संयुक्त अरब अमीरात भी कर्ज भुगतान करने को कह सकता है। दरअसल, सऊदी अरब ने इमरान खान के प्रधानमंत्री बनने के कुछ समय बाद साल 2018 में पाकिस्तान को 6.2 अरब डॉलर का कर्ज दिया था। सऊदी अरब द्वारा घोषित 6.2 बिलियन डॉलर के कर्ज वाले पैकेज में कुल 3 बिलियन डॉलर का कर्ज और 3.2 बिलियन डॉलर की एक ऑयल क्रेडिट की सुविधा शामिल थी। पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मसले पर आईओसी की बैठक को लेकर सऊदी को धमकाने, तुर्की और मलेशिया के साथ एक वैकल्पिक मुस्लिम गठबंधन बनाने की मांग के बाद द्विपक्षीय संबंधों में तेजी से गिरावट आई है। यही वजह है कि जब सार्वजनिक तौर पर विदेश मंत्री कुरैशी ने सऊदी की आलोचना की थी और अलग मुस्लिम गुट बनाने की धमकी दी थी, तो इसका असर हुआ था कि सऊदी ने पाकिस्तान के पर करतरने शुरू कर दिए थे। जिसकी वजह से सबसे पहले सऊदी अरब ने तेल की खरीद के लिए भुगतान करने से मना कर दिया और फिर सऊदी ने पिछले साल पाकिस्तान से ऋण चुकाने के लिए कहा।

शुभेंदु अधिकारी के गढ़ नंदीग्राम से

## विधानसभा चुनाव लड़ेंगी ममता बनर्जी, रैली कर दिखाई ताकत

> राज्य में 2000 के दशक में पूर्बा मेदिनीपुर के नंदीग्राम में भूमि अधिग्रहण को लेकर चले आंदोलन के चलते ही बनर्जी, 2011 में सत्ता में पहुंची थीं और 34 साल से जारी वाम शासन पर पूर्ण विराम लगा था। हालांकि पाला बदलकर भाजपा का हाथ मिला चुके अधिकारी आरोप लगा रहे हैं कि जिस क्षेत्र ने बनर्जी को सत्ता के शिखर पर पहुंचाने में मदद पहुंचायी, उस क्षेत्र के लोगों की उन्होंने भुला दिया।
> **कुछ लोगों को बंगाल को भाजपा के हाथों नहीं बेचने दूंगी: ममता**-ममता बनर्जी फिलहाल दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर से विधायक हैं।

कोलकाता। शुभेंदु अधिकारी ने हाल ही में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी को छोड़कर बीजेपी का दामन थाम है। उन्होंने 2016 में बतौर टीएमसी उम्मीदवार नंदीग्राम सीट जीती थी। मुख्यमंत्री ने यहां एक रैली में कहा कि दूसरे दलों में जाने वालों को लेकर उन्हें कोई चिंता नहीं क्योंकि जब तृणमूल कांग्रेस बनी थी, तब उनमें से कोई नहीं था। उनका इशारा अधिकारी समेत उन पार्टी नेताओं की ओर था जो भाजपा में शामिल हो गये हैं। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने पिछले कुछ सालों के दौरान अपने द्वारा लुटे गये धन को बचाने के लिए पार्टी (तृणमूल कांग्रेस) छोड़ी।

**मेरे लिए भाग्यशाली रहा है नंदीग्राम-ममता बनर्जी**-ममता बनर्जी ने कहा, मैंने हमेशा से नंदीग्राम से विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत की है। यह मेरे लिए भाग्यशाली स्थान है। इस बार, मुझे लगा कि यहां से विधानसभा चुनाव लड़ना चाहिए। मैं प्रदेश पार्टी अध्यक्ष सुब्रत बख्शी से इस सीट से मेरा नाम मंजूर करने का अनुरोध करूंगी। मंच पर मौजूद बख्शी ने तुरंत अनुरोध स्वीकार कर लिया।




राज्य में 2000 के दशक में पूर्बा मेदिनीपुर के नंदीग्राम में भूमि अधिग्रहण को लेकर चले आंदोलन के चलते ही बनर्जी, 2011 में सत्ता में पहुंची थीं और 34 साल से जारी वाम शासन पर पूर्ण विराम लगा था। हालांकि पाला बदलकर भाजपा का हाथ मिला चुके अधिकारी आरोप लगा रहे हैं कि जिस क्षेत्र ने बनर्जी को सत्ता के शिखर पर पहुंचाने में मदद पहुंचायी, उस क्षेत्र के लोगों की उन्होंने भुला दिया।


**कुछ लोगों को बंगाल को भाजपा के हाथों नहीं बेचने दूंगी: ममता**-ममता बनर्जी फिलहाल दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर से विधायक हैं। उन्होंने कहा कि वह कुछ लोगों को बंगाल को भाजपा के हाथों नहीं बेचने देंगी। उन्होंने कहा, जो पार्टी से चले गये, उन्हें मेरी शुभकामनाएं हैं। उन्हें देश का राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति बनने दीजिए। लेकिन आप बंगाल को भाजपा के हाथों बेचने का दुस्साहस नहीं करें। जब तक मैं जिंदा हूं, मैं उन्हें अपने राज्य को भाजपा के हाथों नहीं बिकने दूंगी। नंदीग्राम में रैली के दौरान ममता बनर्जी ने कहा, मैं अगर गलती करती हूं तो मुझे थप्पड़ मारो, लेकिन मुझसे दूर मत जाओ। आपके लिए कौन इतना काम करेगा? अगर कोई मुझे बुरा कहता है, तो मैं उन्हें जाने नहीं दूंगी। आपको बता दें कि बीजेपी पश्चिम बंगाल में पिछले कुछ महीनों से आक्रामक रूप से प्रचार कर रही है।




ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है
सम्पर्क करें
जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश
फोन: 0751-4901403
मो. 7879637585, 8770253710
Website-www.pushpanjalitoday.com
Email.- pushpanjalitoday@gmail.com

## एक नजर...

### अमेजन प्राइम की वेब सीरीज तांडव के निर्देशक और लेखक पर लखनऊ में केस दर्ज



लखनऊ। ऐक्टर सैफ अली खान, डिंपल कपाड़िया, सुनील ग्रोवर, तिग्मांशु धूलिया जैसे दिग्गज कलाकारों की चर्चित वेब सीरीज तांडव रिलीज होते ही विवादों में घिर गई है। वेब सीरीज में कई अशोभनीय बातों और प्रधानमंत्री के गरिमामय पद को ग्रहण करने वाले व्यक्ति का चित्रण खराब तरीके से करने के मामले में डायरेक्टर अली अब्बास जफर, निर्देशक हिमांशु कृष्णा मेहरा, लेखक गौरव सोलंकी और अमेजन प्राइम की ओरिजनल कंटेन्ट इंडिया हेड अपर्णा पुरोहित के खिलाफ रविवार देर रात एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह एफआईआर लखनऊ के हजरतगंज कोतवाली के सब इंस्पेक्टर अमरनाथ यादव की तहरीर पर लिखी गई है। सब इंस्पेक्टर अमरनाथ ने एफआईआर में लिखा है कि इस वेब सीरीज के कई अंश सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। इसके बाद ही कई अधिकारियों ने इस सीरीज को देखा तो पाया गया कि सीरीज के प्रथम एपीसोड के 17 वें मिनट में देवी-देवताओं को बोलते दिखाया गया है जिसमें निम्न स्तरीय भाषा का प्रयोग किया गया है। इसी तरह कई जगह पर साम्पद्रायिक भावनाओं को भड़काने वाले संवाद है। महिलाओं का अपमान करने जैसे कई दृश्य है। इस सीरीज की मंशा एक समुदाय विशेष की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। लिहाजा इस सीरीज के निर्माता-निर्देशक व लेखक और अमेजन प्राइम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराना जरूरी है। इस मामले में आईपीसी की धारा 153-ए, 295, 505 एक बी, 505 टू, 469,आईअी एक्ट 66, 66 एफ, 67 के तहत मुकदमा लिखा गया है। सूचना प्रसारण मंत्रालय ने अमेजन प्राइम वीडियो के अधिकारियों को तलब किया-जेपी नेता समेत कई संगठनों की ओर से उठे बैन करने की मांग के बीच सूचना प्रसारण मंत्रालय ने अमेजन प्राइम वीडियो के अधिकारियों का तलब किया है। मंत्रालय ने अमेजन प्राइम वीडियो से सोमवार तक जवाब देने के लिए कहा है। मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा, मंत्रालय ने मामले (शिकायतों) का संज्ञान लिया है और अमेजन प्राइम वीडियो से स्पष्टीकरण देने को कहा है। मुंबई उत्तर-पूर्व से सांसद कोटक ने आरोप लगाया है कि ऐसे मंचों पर अक्सर हिंदू देवी-देवताओं को गलत तरीके से दिखाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न संगठनों और व्यक्तियों ने शिकायत की है कि तांडव वेब सीरीज में हिंदू देवी-देवताओं का उपहास किया गया है।

### यूपी पंचायत चुनावः मतदाता सूची में गड़बड़ी पर दो बीएलओ पर दर्ज होगी एफआईआर



**अमेठी।** अमेठी पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में गड़बड़ी का मामला प्रकाश आने के बाद एसडीएम ने सराय हृदयशाह व पूरे घोसियान के बीएलओ पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं। वहीं दोनों क्षेत्रों के सुपरवाईजरों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। एसडीएम की कार्रवाई से हड़कंप मचा है। पंचायत चुनाव में मतदाता सूची को लेकर इस समय पुनरीक्षण अभियान चल रहा है। मामले में कुछ जगहों से गड़बड़ी की शिकायत आई थी। हिन्दुस्तान ने इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद ज्वायंट मजिस्ट्रेट संजीव कुमार मौर्य ने शनिवार को पूरे घोसियान व सराय हृदयशाह के बीएलओ पर एफआईआर कराने के निर्देश बीडीओ गौरीगंज को दिये हैं। वहीं दोनों ही ग्राम पंचायतों के सुपरवाइजर से स्पष्टीकरण तलब करने को कहा है। दरअसल सराय हृदयशाह व पूरे घोसियान की ब्लाक से आई सूची को लेकर काफी गड़बड़ी की शिकायतें आई थी। जांच में शिकायतें सही भी पाई गई। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि बीडीओ को बीएलओ पर एफआईआर कराने व सुपरवाईजरों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने को कहा गया है।

**रविवार को भी डटे रहे एसडीएम**–रविवार को अवकाश का दिन होने के बाद भी निर्वाचन कार्यालय खुला रहा। आरआई शैव्या मिश्रा के साथ ही अन्य स्टाफ व स्वयं एसडीएम संजीव कुमार मौर्य निर्वाचन कार्यालय में डटे रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए गार्ड भी लगे रहे।

**बाकी तहसीलों में भी हुई गड़बड़ी**–गौरीगंज तहसील में सक्रियता के चलते गड़बड़ियां पकड़ में आ गई। जबकि अन्य तहसीलों में गड़बड़ियां नहीं पकड़ी गई। जबकि सूत्र बताते हैं कि तिलोई तहसील में पुनरीक्षण अभियान में जमकर खेल खेला गया है। यही हाल अमेठी का भी है।

**आज जिले पर आ जाएगी पांडुलिपि**–तहसीलों से जिले पर पांडुलिपियां पहुंचने का आज आखिरी दिन है। इसके बाद पांडुलिपियों को तय की गई एजेंसी को भेजा जाएगा। जिसके बाद वहां सूची फीड होगी। जिसके बाद सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

### बाराबंकी में दलित युवती की हत्या का रहस्य बरकरार, बढ़ गई राजनीतिक सरगर्मी

**बाराबंकी।** बाराबंकी में दलित युवती की हत्या का रहस्य बरकरार है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर अधिकारियों की नजर है। सोमवार को घटना को लेकर आईजी अयोध्या जोन मौके पर पहुंचे। वहीं सपा के पूर्व मंत्री के साथ प्रतिनिधिमण्डल व कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सांसद पीएल पुनिया ने भी परिजनों से मुलाकात कर दोषियों को सख्त सजा दिलाने के साथ परिजनों को आर्थिक मदद व सरकारी नौकरी देने की मांग रखी। पुलिस के साथ अभी खाली ~ रविवार को कोठी थाना क्षेत्र निवासी युवती का शव जैदपुर थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव में खेत में मिला था। इस मामले में जैदपुर पुलिस ने पिता की तहरीर पर हत्या और दुराचार का मुकदमा लिखा था। इस घटना को लेकर सोमवार को आईजी फैजाबाद जोन डा. संदीप गुप्ता मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घटनास्थल पर निरीक्षण करने के बाद पोस्टमार्टम हाउस आकर परिजनों से मुलाकात की। आईजी ने कहा कि दुराचार की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट देखने के बाद ही होगी।

**सपा प्रतिनिधिमण्डल व सांसद पुनिया पहुंचे**– दलित बालिका की दुराचार और हत्या के मामले में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा. पीएल पुनिया पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों से मिले। इस दौरान उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि योगी सरकार में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। उधर, सपा नेता व पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमण्डल ने पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान श्री गोप ने कहा कि दुखद घटना है। उत्तर प्रदेश सरकार से जनता का विश्वास उठ गया है, आए दिन घटनाएं हो रही। कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है। उन्होंने कहा कि सरकार दोषियों को सख्त सजा दिलाए। पीड़ित परिवार को पचास लाख की मदद देने के साथ सरकारी नौकरी भी दी जाए।

# उमा भारती की किसानों से अपील हठ छोड़ें और सकारात्मक बातचीत

बैतूल। मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने नए कृषि कानूनों को लेकर किसानों के लंबे समय से जारी आंदोलन को अनुचित ठहराते हुए कहा है कि किसानों को अपना हठ और अहंकार छोड़कर सकारात्मक बातचीत के लिए आगे आना चाहिए।उमा भारती ने कल बैतूल में बालाजीपुरम मंदिर के एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर शाम मीडिया से चर्चा में नए कृषि कानूनों को लेकर किसानों के लंबे समय से जारी आंदोलन को गलत ठहराया। उन्होंने कहा कि किसानों को सकारात्मक बातचीत के लिए आगे आना चाहिए।हालांकि उन्होंने कहा कि किसान सकारात्मक भाव से आगे बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रख रहे हैं, लेकिन उन्हें सरकार से मुद्दों पर बातचीत के लिए और सकारात्मक होना चाहिए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने



दोहराते हुए कहा कि वे 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेंगी।आपको बता दें कि बीते लगभग दो महीने से दिल्ली से लगने वाली सीमाओं पर किसान तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग पर अड़े हुए हैं। अभी तक सरकार के साथ उनकी कई दौर की वार्ता हो चुकी है, जो कि बेनतीजा रही।

### प्रयागराज, लखनऊ के बाद मिर्जापुर में भी तांडव की टीम पर मुकदमा

**मिर्जापुर।** अमेजन वेब सीरीज तांडव को लेकर प्रदेश भर विवाद छिड़ा है। प्रयागराज और लखनऊ में पहले ही वेब सीरीज के विवाद पर एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। अब मिर्जापुर में भी वेब सीरीज के जरिए धार्मिक और क्षेत्रीय भावनाओं को आहत करने के लिए वेब श्रृंखा %मिर्जापुर% और ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम के निर्माताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।



### मुरैना जहरीली शराब कांड में बड़ा एक्शन, 25 लोगों की मौत का मुख्य आरोपी मुकेश किरार चेन्नई से गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के छेरा गांव से कथित रूप से खरीदी गई जहरीली शराब के सेवन से 25 लोगों की मौत के मामले के मुख्य आरोपी मुकेश किरार को चेन्नई से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पुलिस दल ने चेन्नई में कल उसे अपनी हिरासत में ले लिया और उसे यहां लाया जा रहा है।पिछले दिनों जहरीली शराब पीने के बाद बीमार हुए ग्रामीणों को मुरैना और ग्वालियर के अस्पतालों में इलाज के लिए भेजा गया था। इनमें से 25 की मृत्यु हो गई है और कुछ का इलाज चल रहा है। इस मामले के सामने आने के बाद कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक का भी तबादला कर दिया गया था। पुलिस कुछ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले की जांच के लिए राज्य के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा की अध्यक्षता में एक विशेष दल गठित किया गया है और वह जांच करके वापस भोपाल चला गया है। विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

### एमपी में एक और जहरीली शराब कांड, मुरैना के दिमनी में 2 की मौत, दो की आंखों की रोशनी हुई कम

मुरैना। मध्य प्रदेश में मुरैना के छैरा-मानपुर के बाद अब जहरीले शराब का कहर दिमनी गांव में भी दिख रहा है, यहां पर जहरीली शराब के सेवन से दो लोगों की मौत का मामला सामने आया है। जबकि दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बारे में जहरीली शराब पीने वाले धर्मेंद्र जाटव ने पुलिस को बताया कि, उन्होंने छिछावली गांव के दो अन्य लोगों (बलबीर और माताप्रसाद) के साथ बड़ोखर के सरकारी ठेके से मसाले वाली लाल शराब खरीदी थी। वे जब तीनों जब घर पहुंचे तो उन्हें लगातार उल्टियां होने लगीं। साथ ही साथ उनकी आंखों की रोशनी भी कम हो गई। धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया, यह सब देखकर उनके परिजन घबरा गए और आनन-फानन में इन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने एक माताप्रसाद को मृत घोषित कर दिया। जबकि बलवीर और धर्मेंद्र की हालत गंभीर होने पर उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया। इस घटना के संबंध में, मुरैना एसपी सुनील कुमार पांडे ने बताया कि, जहरीली शराब पीने से एक की मौत हुई है, जबकि दो गंभीर हैं। दूसरी मौत के कारण की पुष्टि होना बाकी है। मृतकों की शवों की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में जहरीली शराब से मृत्यु के लक्षण नहीं मिले हैं। वहीं, पुलिस ने छैरा-मानपुर में हुए शराबकांड का मुख्य अभियुक्त मुकेश किरार को रविवार दोपहर चेन्नई से गिरफ्तार कर लिया गया।

### बाल यौन शोषण में गिरफ्तार रिटायर्ड लेखपाल पर रासुका की तैयारी, जुटाया जा रहा रिकार्ड

**जालौन।** उत्तरप्रदेश के जालौन जिले के कोंच कस्बे से बाल यौन शोषण मामले में पिछले दिनों गिरफ्तार भाजपा नेता और सेवानिवृत्त लेखपाल पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस रासुका लगाने से पहले तमाम सबूत जुटा रही है। भाजपा के बर्खास्त नगर उपाध्यक्ष रामबिहारी राठौर के खिलाफ 50 से अधिक बच्चों का यौन शोषण का मामला मिला है। पुलिस राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाने से पहले अपराधों का ब्योरा तैयार कर रही है।

## वाराणसी में बदल गई गंगा की धारा

**वाराणसी।** वाराणसी में विश्वनाथ कॉरिडोर के मलबा-मिट्टी से ललिता से मणिकर्णिका घाटों के बीच गंगा का प्रवाह बदल गया है। गंगा इन घाटों से दूर हो गई हैं। साथ ही, दशाश्वमेध से मणिकर्णिका के बीच घाटों का आपसी संपर्क भी टूट गया है। इसका सीधा असर मणिकर्णिका घाट स्थित महाश्मशान पर दिख रहा है। यहां अंतिम संस्कार के पूर्व शवों का गंगाजल से प्रक्षालन नहीं हो पा रहा है। यह स्थिति गंगा किनारे कॉरिडोर की सीढ़ी के लिए तैयार की जा रही कंक्रीट की दीवार के चलते पैदा हुई है। करीब 50 हजार वर्ग मीटर में निर्माणाधीन विश्वनाथ कॉरिडोर के लिए गंगा किनारे ललिता घाट से मणिकार्णिका घाट के बीच सीढ़ी बननी है। साथ ही जलासेन घाट के पास कॉरिडोर के खुला मंच का भी निर्माण प्रस्तावित है। कार्यदायी एजेंसी ने गंगा किनारे पानी को रोकने के लिए करीब 800 मीटर लंबाई और 200 मीटर चौड़ाई में मिट्टी पाट दिया है। इसके बाद गंगा में करीब पांच मीटर गहराई तक आरसीसी दीवार खड़ी की जा रही है। इसके जरिए सीढ़ी का निर्माण होगा। गंगा जल का प्रवाह पहले ललिता घाट से जलासेन, मणिकर्णिका को छूते हुए आगे बढ़ता रहा। अब ललिता घाट से सीधे सिंधिया घाट की तरफ बह रहा है।



**शवदाह करने वालों को परेशानी**–दशाश्वमेध घाट से किनारे की सीढ़ियों के जरिए काफी लोग मणिकर्णिका घाट पर पैदल आना-जाना होता है। अब लोगों को नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं मणिकर्णिका घाट पर शवदाह घाट से दूर हो रहा है। इससे शवदाह करने आए लोगों को दिक्कत हो रही है। पैदल चलने पर भी पाबंदी~ घाट किनारे जमा मिट्टियों के ऊपर से पैदल जाने पर भी पाबंदी लगा दी गई है। पूरे इलाके को बैरिकेड कर दिया गया है। वहां तैनात सुरक्षाकर्मी लोगों को पैदल आने जाने से रोकते हैं। इससे पैदल ही घाटों पर घूमने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं को लौटना पड़ रहा है। संजय गोरे, अधिशासी अभियंता-पीडब्ल्यूडी (काशी विश्वनाथ खंड) कहते हैं कि घाट किनारे काम होने के कारण मलबा और मिट्टी जमा की गई है। काम होते ही उसे हटा दिया जाएगा। सुरक्षा कारणों से लोगों के आने-जाने पर पाबंदी लगाई गई है।

### ऐसी कैसे हो सकती है कोई मां ?

## 8 माह के बेटे को कुल्हाड़ी से काटा, बोली- बकरे की बलि दी

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के भोपाल के अशोकनगर के गाँव चुरारी में एक ऐसी अजीबो-गरीब घटना घटी, जिसे जानकार इलाके के लोग सन्न रह गए। सबके जुबान पर बस यही सवाल था कि कोई माँ ऐसा कैसे कर सकती है। दरअसल, गाँव चुरारी में एक माँ ने अपने 8 माह के इकलौते बेटे को कुल्हाड़ी से काट डाला। परिजनों ने बताया कि वह पहले बच्चे को खिला रही थी, उसके बाद वह उसे घर से करीब 70 फीट दूर मेन रोड पर ले गई और उसे सड़क पर लिटाकर गर्दन पर कुल्हाड़ी मार दी। हत्या के बाद महिला चिल्लाते हुए घर के अंदर आई और कहने लगी बकरा काट दिया। बहन ने बताया कि, जब मैं बाहर गई तो यशराज खून से लथपथ था। उसे उठाकर अंदर लाई और उससे पूछा ये क्या किया तो कहने लगी जिसका बकरा था उसने ले लिया। इसके बाद बच्चे की नानी उसे कपड़े में लपेटकर चंदेरी अस्पताल लेकर पहुंची थी जहां डॉक्टर से बच्चे के छत से गिर जाने की कहकर जांच कराई। जिसकी नब्ज देखकर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। रातभर कपड़े में लपेटकर शव को घर पर रखा। शनिवार सुबह 11 बजे हुई घटना की जानकारी न तो पुलिस को लगी न ही इसकी जानकारी परिवार ने पुलिस को दी। पुलिस की जानकारी के अनुसार, घटना के अगले दिन बच्चे के नाना, गांव के लोगों के साथ घटना के अगले दिन थाने पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी थी। इसके बाद एसडीओपी लक्ष्मी सिंह सहित टीआई मौके पर पहुंचे थे। इसके बाद एसपी रघुवंश सिंह भदौरिया भी जानकारी लगते ही चंदेरी पहुंचे। पुलिस का कहना है कि, मां की मेंटल स्थिति ठीक नहीं है। परिजनों ने बताया कि, एक संत के प्रवचन से प्रभावित थी और उनके यू-ट्यूब पर प्रवचन सुनती थी। दरअसल, रश्मि पत्नी लक्ष्मण लोधी की शादी 2 साल पहले हुई थी। शादी के बाद अपने पति के साथ इंदौर में रहती थी। ढाई महीने पहले बेटे यशराज के साथ मायके चुरारी आई थी, जहां अपनी मां और बहनों के साथ रह रही थी। इसके बाद आरोपी महिला को गिरफ्तार कर चंदेरी अस्पताल में मानसिक इलाज के लिए भर्ती कराया गया।



### कोविड वैक्सीन लगाने के अगले दिन वार्ड ब्वॉय की मौत, परिजनों का आरोप- टीके से बिगड़ी थी हालत

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के जिला अस्पताल के वार्ड ब्वॉय महिपाल सिंह की कोरोना वैक्सीन लगवाने के अगले दिन मौत से खलबली मच गई है। परिजनों का आरोप है कि टीका लगने के बाद से महिपाल की हालत बिगड़ी और रविवार शाम उनकी मौत हो गई जबकि वार्ड ब्वॉय के घर पहुंचे सीएमओ ने कहा कि टीके के रिएक्शन से मौत संभव नहीं है। उन्हें सांस फूलने और सीने में दर्द की शिकायत पर अस्पताल लाया गया था। मौत के कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी। वहीं टीकाकरण के बाद एक डॉक्टर समेत चार और लोगों ने बुखार की शिकायत की है। मुरादाबाद जिला अस्पताल में तैनात वार्ड ब्वॉय महिपाल सिंह ने शनिवार को जिला अस्पताल केंद्र में कोरोना का टीका लगवाया था। इसके बाद उन्होंने नाइट ड्यूटी भी की। घर लौटने पर रविवार को दोपहर के बाद उनको सांस लेने में तकलीफ और सीने में जकड़न महसूस हुई। एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन इस दौरान उनकी मौत हो चुकी थी। महिपाल की मौत की जानकारी मिलने पर उसके घर पहुंचे सीएमओ डॉक्टर एमसी गर्ग ने परिजनों से भी मुलाकात की। कहाकि पोस्टमार्टम में सारी स्थिति साफ हो जाएगी। सीएमओ ने बताया कि कोरोना के टीके से रिएक्शन की बात प्राथमिक जांच में सामने नहीं आई है। परिजन उनके सीने में जकड़न और सांस फूलने की शिकायत बता रहे हैं। अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम से स्थिति साफ हो जाएगी। उधर, महिपाल के बेटे विशाल ने बताया कि पिताजी की टीका लगाने के बाद ही हालत बिगड़ी। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि उनको निमोनिया की शिकायत थी लेकिन टीके ने उनकी तबीयत अचानक बिगाड़ दी। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने इस संबंध में बताया कि सीएमओ ने उन्हें इस मामले की जानकारी दी है सीएमओ ने कहा है कि पोस्टमार्टम के बाद ही सही वजह पता चलेगी।

## भोपाल के तीन थाना क्षेत्रों में लगा कर्फ्यू, 11 थाना क्षेत्रों में धारा 144 लागू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक समुदाय विशेष द्वारा निर्माण कार्य शुरू किए जाने को लेकर जिला प्रशासन ने ऐहतियातन शहर के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में रविवार को कर्फ़्यू लगा दिया, जबकि 11 पुलिस थाना इलाकों में धारा 144 लगाई गई है। कांग्रेस का आरोप है कि यह कदम आरएसएस से जुड़े एक संगठन को चारदीवारी निर्माण में मदद करने के लिए उठाया गया है।

वहीं राज्य भाजपा ने कर्फ़्यू और निषेधाज्ञा लागू करने को उचित करार दिया और कहा कि हाई कोर्ट ने अपने फैसले में आरएसएस से जुड़े एक न्यास को जमीन का मालिकाना हक दिया है। भोपाल के अपर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने %पीटीआई-भाषा को बताया, शांति बनाए रखने के लिए पुराने भोपाल शहर के थाना हनुमानगंज, टीलाजमालपुरा एवं गौतम नगर क्षेत्र में कर्फ़्यू लगाया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, भोपाल शहर के 11 थाना क्षेत्रों-शाहजहानाबाद, छोला मंदिर, निशातपुरा, तलैया, मंगलवारा, अशोका गार्डन, ऐशबाग, जहांगीराबाद, स्टेशन बजरिया, बैरसिया एवं नजीराबाद- में धारा-144 लगाई गई है। यादव ने बताया कि भोपाल के जिला मजिस्ट्रेट अविनाश लवानिया ने ये आदेश रविवार सुबह जारी किए हैं। उन्होंने कहा, यह आदेश रविवार सुबह नौ बजे से आगामी आदेश तक लागू रहेगा। यादव ने बताया, इलाके में शांति बनी हुई है और अभी कर्फ़्यू एवं धारा 144 लागू है। उन्होंने कहा, इस जमीन पर इस न्यास द्वारा चारदीवारी का निर्माण शाम साढ़े सात बजे तक चला। आदेश में कहा गया है कि पुराने भोपाल क्षेत्र में एक समुदाय विशेष द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय लोगों एवं अन्य समुदाय के लोगों द्वारा विरोध किया जाना संभावित है, इससे शहर की शांति व्यवस्था-कानून व्यवस्था को खतरा होने के साथ-साथ मानव जीवन एवं सांप्रदायिक रूप से अत्यन्त संवेदनशील है, अत~ लोकजीवन एवं लोकसंपत्ति की सुरक्षा को उत्पन्न हुए खतरे का निवारण किए जाने के लिए यह कदम उठाया गया है। आदेश के अनुसार कर्फ़्यू लगाए गए इलाके में कोई भी व्यक्ति अत्यावश्यक कार्यों (मेडिकल इत्यादि) को छोड़कर घर से बाहर नहीं निकलेगा; सभी व्यावसायिक संस्थान, दुकानें, उद्योग आदि पूर्णत~ बंद रहेंगे, केवल अस्पताल व मेडिकल दुकानें खुली रहेंगी। इसी बीच,



भोपाल के पुलिस उपमहानिरीक्षक इरशाद वली ने संवाददाताओं को बताया कि ऐहतियाती तौर पर ये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा, एक न्यास को लेकर यह जमीन विवाद है। अदालत में चले इस विवाद को इस न्यास ने जीत लिया है और रविवार को न्यास इस जमीन पर कब्जा करने जा रहा है। वली ने बताया कि इस घटनाक्रम को लेकर तनाव की आशंका थी, इसलिए ऐहतियाती तौर यह कर्फ़्यू एवं धारा-144 लगायी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इलाके में अवरोधक लगाए हैं और इन इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस के मीडिया समन्वयक नरेन्द्र सलूजा ने कहा, एक जमीन की चारदीवारी बनाने के लिए राजधानी में तीन थाना इलाकों में कर्फ़्यू लगा दिया। सरकार नाकाम है। छोटी सी चीज के मामले में कर्फ़्यू लगाने की क्या जरूरत है? यह शहर को आतंकित करने करने का काम है। उन्होंने दावा किया कि जिस 30000 वर्ग फीट जमीन पर चारदीवारी बनाने के लिए राजधानी में तीन थाना इलाकों में कर्फ़्यू लगा दिया गया है, वह आरएसएस से जुड़ी एक संस्था की है। वहीं, मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव अब्दुल नफीस ने कहा, यह 30,000 वर्ग फीट जमीन कब्रिस्तान की है, लेकिन मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड अदालत में सही दस्तावेज पेश नहीं कर सका। यदि समय रहते वक्फ बोर्ड अदालत में इस जमीन से संबंधित सही दस्तावेज पेश कर देता तो फैसला कब्रिस्तान के हक में आता। इसी बीच, मध्य प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रजनीश अग्रवाल ने कहा, खुफिया रिपोर्ट के आधार पर यदि कानून एवं व्यवस्था बनाने के लिए शासन कोई कदम उठाता है तो ये कांग्रेस कार्यालय से पूछकर थोड़ी किया जाएगा। प्रशासन का हक है कानून एवं व्यवस्था बनाए रखे।

# सम्पादकीय

## सेहत का सवाल

कोरोना और लॉकडाउन की वजह से जब दुनिया भर में लोग ज्यादा से ज्यादा समय घर में बिताने को तरजीह दे रहे हैं, तब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक सच्चाई को हमारे सामने रखकर न सिर्फ हमें सचेत किया है, बल्कि आगे का सही रास्ता भी दिखाया है। आज शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी खतरे मंडरा रहे हैं। ऐसे में, यह जरूरी है कि शारीरिक गतिविधियों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया है कि शारीरिक गतिविधियों को अगर अपेक्षा अनुरूप रखा जाए, तो दुनिया में हर साल होने वाली 40 से 50 लाख मौतों को टाला जा सकता है। मोटे तौर पर दुनिया में हर डेढ़ सौ इंसानों में से एक की जिंदगी शारीरिक गतिविधियों के अभाव की वजह से खतरे में पड़ती है। खुद विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान बताता है कि दुनिया में 27.5 प्रतिशत वयस्क और 81 प्रतिशत किशोर शारीरिक गतिविधियों के पैमानों पर खरे नहीं उतरते हैं, अर्थात इतने लोग अपने शरीर को उतना नहीं चलाते हैं, जितना कि चलाना चाहिए। विगत एक दशक में इस मोर्चे पर कोई अंतर नहीं आया है। लोग अपने स्वास्थ्य या शारीरिक गतिविधियों की जरूरत को लेकर सजग नहीं हो रहे हैं। ताजा दिशा-निर्देशों के अनुसार, 5 से 17 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिदिन कम से कम 60 मिनट की मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। इसमें एरोबिक गतिविधियों के साथ-साथ मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूत करने की गतिविधि भी जरूरी है। यदि इस उम्र के लोग जरूरत भर का व्यायाम या कार्य कर लें, तो उनका शरीर मजबूत हो सकता है। उनका हृदय, रक्तचाप, ग्लूकोज, अस्थियां, मन-दिमाग, शैक्षणिक प्रदर्शन सुधर सकता है। कोरोना के समय हमने देखा है, बच्चों की गतिविधियां मोबाइल या स्क्रीन तक सिमट रही हैं। अभी आंकड़े नहीं आए हैं, पर आने वाले महीनों में मोटापे व विभिन्न रोगों के आंकड़े भी जारी होंगे और हमें पता चल सकेगा कि कोरोना या लॉकडाउन ने हमें कितना नुकसान पहुंचाया है। 18 से 64 वर्ष की आयु के वयस्कों को कम से कम तीन से पांच घंटे की मध्यम-तीव्रता वाली एरोबिक गतिविधि या हर हफ्ते कम से कम 75-150 मिनट की जोरदार तीव्रता वाली एरोबिक गतिविधि करनी चाहिए। मांसपेशियों केलिए व्यायाम भी सप्ताह में दो या अधिक दिन करने की सिफारिश की जाती है। दिशा-निर्देशों में साफ कहा गया है कि वयस्कों में गतिहीन व्यवहार से हृदय रोग, कैंसर और टाइप -2 मधुमेह की आशंका बढ़ सकती है। 65 से ज्यादा उम्र के लोगों को अपनी जरूरत और क्षमता के लिहाज से गतिविधियां करने की सिफारिश की गई है, तो इसे समझा जा सकता है। यह भी गौर करने की बात है कि लड़कियां और महिलाएं अपेक्षाकृत कम सक्रियता दिखा रही हैं। हर परिवार और संस्थान को शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने के उपाय करने चाहिए। भारत सहित ज्यादातर देशों में स्वास्थ्य को निजी मामला मान लिया जाता है, जबकि यह विषय पूरे समाज-देश से जुड़ा है। क्या जब कोई बीमार पड़ता है, तो अनगिनत लोगों पर प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव नहीं पड़ता है? एक बीमार आदमी भी सबकेतन, मन और धन को नुकसान पहुंचा सकता है। अतः बीमारियों से बचने के लिए सभी को मिलकर आगे आना होगा, तभी हमारी गतिशीलता बढ़ेगी और हम ज्यादा सेहतमंद रहेंगे।

# कृषि कानून: न तेरी जय न मेरी जय?

प्रभुनाथ शुक्ल

**अदालत का संदेश साफ था कि सरकार कृषि कानूनों पर रोक नहीं लगाती है तो कोर्ट खुद रोक लगा देगा ।अदालत के इस नजरिये से मोदी सरकार के लिए मुशिकलें खड़ी हो सकती है। अभी जिस बिल को वह सियासी जय और विपक्ष की पराजय के रुप में देखती रहीं है उसका यह गुब्बार धड़ाम हो जाएगा। अदालत आंदोलन के दौरान किसानों की आत्महत्या और मौत को लेकर भी गम्भीर है। अदालत दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सरकार और किसानों के मध्य आम सहमति का रास्ता चाहती है। इसी लिए वह कृषि बिल को होल्ड रखने के लिए सरकार से कह रहीं थी। जबकि सरकार के लिए यह करना मुमकिन नहीं था जिसकी वजह से अदालत को ही कानून पर रोक लगानी पड़ी। अदालत का कहना था कि जब तक समिति काम करेगी तब तक बिल को निलम्बित रखा जाए।**



सुप्रीम कोर्ट ने आखिरकार कृषि कानूनों पर रोक लगा दिया। जब तक जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट अदालत को नहीं सौंपती है तब तक इस पर रोक जारी रहेगी।किसान आंदोलन पर सुप्रीमकोर्ट ने सरकार को खरी- खरी सुनाई है। अदालत की यह तल्खी और नाराजगी सरकार की सांसत बढ़ा दिया है। निश्चित रूप से सरकार ने अड़ियल रुख अपना कर किसान आंदोलन को बेदम करना चाहती थी। सरकार खुले मन से इस विचार नहीं करना चाहती थी। केंद्रीय कृषिमंत्री नरेन्द्र तोमर और उनके साथ सहयोगी मंत्री किसान संगठनों की बैठक में खुले मन से भाग लेते थे लेकिन वह कानून को खत्म करना चाहती थी। जबकि किसान भी डेढ़ माह से जिद पर अड़े थे जिसकी वजह से बात नहीं बन पाई। सरकार और किसानों के बीच नौ चक्र की वार्ता के बाद भी बात नहीं बन पाई। जिसके बाद सुप्रीमकोर्ट ने दाखिल कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाते हुए नए कृषि कानून को होल्ड कर दिया है।

अदालत ने सरकार की नाकामियों को लेकर जिस तरह की लताड़ लगाई सरकार को उसकी उम्मीद नहीं रही होगी। अदालत ने साफ कर दिया है कि कृषि कानूनों को सरकार होल्ड करे या वह खुद ऐसा कर देगी। सुप्रीमकोर्ट ने सरकार को अब वक्त नहीं देना चाहती थी। कृषि कानूनों पर सरकार के अड़ियल रुख पर अदालत ने कड़ी फटकार लगाई है। अदालत का संदेश साफ था कि सरकार कृषि कानूनों पर रोक नहीं लगाती है तो कोर्ट खुद रोक लगा देगा ।अदालत के इस नजरिये से मोदी सरकार के लिए मुशिकलें खड़ी हो सकती है। अभी जिस बिल को वह सियासी जय और विपक्ष की पराजय के रुप में देखती रहीं है उसका यह गुब्बार धड़ाम हो जाएगा।

अदालत आंदोलन के दौरान किसानों की आत्महत्या और मौत को लेकर भी गम्भीर है। अदालत दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सरकार और किसानों के मध्य आम सहमति का रास्ता चाहती है। इसी लिए वह कृषि बिल को होल्ड रखने के लिए सरकार से कह रहीं थी। जबकि सरकार के लिए यह करना मुमकिन नहीं था जिसकी वजह से अदालत को ही कानून पर रोक लगानी पड़ी। अदालत का कहना था कि जब तक समिति काम करेगी तब तक बिल को निलम्बित रखा जाए। जबकि सरकार किसानों की कुछ मांगों को छोड़ कर बिल को यथावत रखना चाहती है। सरकार किसान आंदोलन को नजरंदाज कर विपक्ष को यह संदेश देना चाहती है कि वह जो चाहेगी वहीं करेगी। लेकिन सरकार की मुश्किल बढ़ती लगती है।

किसान आंदोलन को लेकर मीडिया की भूमिका बेहद आलोचनात्मक रहीं है। दिल्ली की गाजियाबाद सीमा में जिस तरह किसान डटे हैं उस पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। वहाँ उपलब्ध सुविधाओं पर भी तल्ख टिप्पणी हो रहीं है। कहा जा रह है कि यह किसान नहीं हैं नए कानून से मण्डियां खत्म होने आढ़ती आंदोलन कर रहे हैं। किसान इतना कहाँ से संवृद्ध हो गया। टेंटसिटी बसाने के लिए फंडिंग कौन कर रहा है। वाशिंग मशीन, ठंड के कपड़े, कॉफी, पिज्जा और बर्गर समेत अत्याधुनिक ओडी कारें जैसी सुविधाएँ कहाँ से आ रहीं हैं। इसका क्या मतलब लोग किसान को गरीब ही बनाएं रखना चाहते हैं। किसान क्या संवृद्ध नहीं हो सकता। अगर उसे यह सुविधाएँ मुहैया कराई जा रहीं हैं तो क्या गुनाह है। आंदोलन को वामपंथ, कॉंग्रेस और आढ़तियों के साथ जोड़ कर प्रचारित किया जा रहा है।

सुप्रीमकोर्ट इस गतिरोध को दूर करना चाहता है। सरकार कमेटी गठित कर सरकार और किसान संगठनों से बातचीत के आधार पर रिपोर्ट तैयार करना चाहता है। उसके बाद उसी आधार पर बिल की समीक्षा करना चाहता है। अदालत अब तक सरकार की तरफ से उठाए गए कदम से संतुष्ट नहीं है। उसने साफ कहाँ है कि वह न कानून को खत्म करना चाहती है और न प्रदर्शन को बंद करना चाहती है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को आंदोलन स्थल से कड़ाके की ठंड देखते हुए हटाना चाहती है।

सुप्रीमकोर्ट के चीफ जस्टिस एसए बोबडे ने साफ कहा था कि हम सुनवाई बंद कर रहे हैं अब आदेश पारित होगा।आखिरकार अदालत ने कानून रोक लगा दिया। सरकार पर सख्त रुख दिखाते हुए कोर्ट ने कहा है कि सरकार इतने संवेदशील मुद्दे को गम्भीरता से नहीं सम्भाला पाई। अदालत की तल्खी देखते हुए किसान संगठनों के वकील दुष्यंत दवे ने साफ कर दिया है कि किसान 26 जनवरी को ट्रैक्टर मार्च नहीं करेंगे। सीजेआई ने समय माँगने पर अटॉर्नी जनरल को भी खरी- खरी सुनाई।

अदालत की तरफ से सुनाए गए फैसले के बाद सवाल उठता है कि क्या किसान सरकार और अदालत की बातें मान जाएंगे। जबकि किसानों ने कहा है कि बैठक में प्रधानमंत्री को भी आना चाहिए लेकिन अदालत ने साफ कर दिया है कि हम प्रधानमंत्री को बैठक में आने के लिए नहीं कर सकते हैं।ऐसे हालात में बात कैसे बनेगी।

किसानों ने कहा है कि हम चार सदस्यीय कमेटी के सामने पेश नहीं होंगे। उस पर अदालत ने कहा कि जब आप सरकार और संगठनों के बीच हुई मीटिंग में शामिल हो सकते हैं तो कमेटी के सामने क्यों नहीं पेश हो सकते।

सुप्रीम कोर्ट ने निश्चित तौर पर उचित सवाल उठाया है।किसानों को मीटिंग में शामिल होना ही पड़ेगा। सवाल उठता है कि किसान और सरकार मामले को हल करना चाहते हैं या केवल इस पर सियासत करना चाहते हैं।सुप्रीमकोर्ट की तरफ से गठित चार सदस्यीय समिति सभी पक्षों को सुनने के बाद अपनी रिपोर्ट कोर्ट को देगी। अदालत ने पूरी पारदर्शिता अपनाते हुए ना तो सरकार का न तो किसान संगठनों की तरफ से किसी प्रतिनिधि को समिति में रखा है। जिन सदस्यों को रखा गया है वह अपने अपने क्षेत्र के विषय विशेषज्ञ है। इसलिए अदालत की निष्पक्षता और पवित्रता पर सवाल नहीं उठाए जा सकते हैं। कृषि कानूनों पर राजनीति करनी है तो यह बात यह बात दीगर है।

एक लोकतांत्रिक सरकार को हमेशा से विपक्ष के प्रस्ताव पर भी विचार करना चाहिए। सरकार इस बिल को वापस नहीं लेना चाहती है हालांकि अब मामला कोर्ट के पाले में चला गया है। अब देखना है कि कोर्ट इस पर क्या फैसला देता है। अदालत समिति की रिपोर्ट आने के बाद ही इस पर वह फैसला सुनाएगी। अब वक्त आ गया है जब कृषि कानूनों पर राजनीति बंद होनी चाहिए। खुले मन से सरकार और किसान संगठनों को अदालत के निर्णय का सम्मान करना चाहिए। सरकार को भी लोकतंत्र में विपक्ष नामक संस्था का सम्मान करना चाहिए। हालांकि आजकल विपक्ष की भूमिका भी पूरी तरह राजनीतिक हो गई है। सरकार विरोध सिर्फ उसने एजेंडा बना लिया है।अदालत ने साफ कर दिया है कि आप अड़चनें पैदा करना चाहते हैं या या कृषि कानूनों में सुधार चाहते हैं।निश्चित रूप से अदालत की यह पहल एक गंभीर विषय है। सरकार और किसान संगठनों को मिलकर यह गतिरोध दूर करना चाहिए।

## ख्वाब



कुछ ख्वाबों को संजोते संजोते, मैं बिखर सी गई थी ।<br>
मानो कुछ सवालों को सुलझाते-सुलझाते,उलझ सी गई थी ।।<br>
क्या थे,कैसे थे, अब ख़बर खुद की न थी ।<br>
मानो चलते-चलते, लड़खड़ा सी गई थी ।।<br>
कुछ पलों की खुशी में, बेहद मुस्कुरा गई थी ।<br>
फिर मानो खिलखिलाते फूल से,मुरझा गई थी ।।<br>
कुछ ख्वाब जिनको पलको पर सजा कर रखी थी ।<br>
मानो पलक छपकते ही, ज़िंदगी बेहाल कर गई थी ।।<br>
था यक़ीन,फिर भी नामुमक़िन को मुमकिन बना रही थी ।<br>
हा वही खूबसूरत सी दुनिया, जिसको मैं सँवार रही थी ।।

**-डॉक्टर प्रिया पचौरी**<br>
**वेटनरी कॉलेज जबलपुर (मध्यप्रदेश)**

# व्हाट्स एप्प पर बवाल क्यों ?



### ग़र चलाना नहीं तो बवाल क्यो...?

आधुनिक जीवन मे सूचनाओं , विचारों एवं संदेशों के आदन- प्रदान का सर्वोत्तम माध्यम व्हाट्स एप्प है। इसका मुख्य कारण इसकी सेवाओ का बिल्कुल फ्री होने के साथ-साथ ही भरोसेमंद एवं सुरक्षित होना। किन्तु आज से लगभग 20 से 30 वर्ष पूर्व भारत मे परिस्थियाँ पूर्णतः भिन्न थी , एक दौर था जब सूचनाओं एवं संदेशों के आदान - प्रदान हैतु पत्र व्यवहार का उपयोग डाकघर की सेवाओं के माध्यम से किया जाता था ,जिसमे अत्यधिक समय लग जाता था पत्र व्यवहार के दौरान प्रेषक को पत्र के जवाब हैतु कई दिनों का इंतेज़ार करना पड़ता था। कालांतर में स्थितियाँ बदली 90 के दशक में भारत मे मोबाइल फोन आगमन हुआ , किंतु यह सेवा जन सामान्य के लिए उपयोगी सिद्ध नही हो पाई। एक लंबे समय बाद जब मोबाइल जन सामान्य तक पहुचा तब लिखित सूचनाओं के आदान - प्रदान का माध्यम सन्देश बना । किन्तु यह प्रणाली खर्चीली थी । जिसे निर्धन व्यक्ति सुचारू संचालित करने में असमर्थ था। इसी के साथ 2009 मे विश्व भर में व्हाट्स एप्प का उदय हुआ ।साथ ही उदय हुआ फ्री सन्देश सेवा का , समय - समय पर व्हाट्स एप्प खुद को बेहतर बनाता गया। फ्री सन्देश के साथ - साथ फोटो - वीडियो सेंडिंग , कॉलिंग व वीडियो कॉलिंग जैसी शानदान सेवाएं भी बिल्कुल में फ्री देने लगा । ओर दुनिया के सबसे लोकप्रिय एप्स में एक बन गया । एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में भारत की लगभग 40 करोड़ से ज्यादा जनसंख्या व्हॉट्स एप का उपयोग करती है। किन्तु वर्तमान में व्हाट्स एप्प की स्थिति कुछ विचित्र सी है। व्हाट्स एप्प ने अपने व्यापार में अत्यधिक लाभ प्राप्ति के उद्देश्य से अपनी नई पॉलिसी जारी की है।जिसके अंतर्गत व्हाट्स एप्प आपसे आपकी निजी जानकारी लेने हैतु स्वीकृति माँगता है। इसके अंतर्गत वो आपसे केवल व्हाट्स अप्प की जानकारी ही नही अपितु आपके सम्पूर्ण फोन की जानकारी हैतु स्वीकृती मांगता है। यदि आप व्हाट्स एप्प को इसके लिए स्वीकृत करते है तब ही आप व्हाट्स एप्प की सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। स्वीकृती न देने की स्थिति में आप व्हॉट्स एप्प की सेवाओं का उपयोग नही कर पाएंगे। साथ ही इस पॉलिसी के अंतर्गत व्हाट्स एप्प कहता हैं कि आपकी सम्पूर्ण जानकरी वो अपनी पेरेरल कम्पनियों जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम के साथ साझा करेगा। यदि आप व्हाट्स एप्प को स्वीकृती देते है तो ,ऐसी स्थिति में आपके निजता के अधिकारों का हनन होता है। इस पूरे प्रकरण के दौरान सबसे विचित्र बात यह नज़र आ रही है कि व्हाट्स एप्प पर ही व्हाट्स एप्प का दमदार विरोध हो रहा है। इसके अंतर्गत हम भिन्न - भिन्न प्रकार के लोगो को देख सकते हैं जिनमे से कुछ व्हाट्स एप्प की इस पॉलिसी की निंदा करते है, तो कुछ स्वयं को टेलीग्राम पर एवं कुछ स्वयं को सिग्नल पर शिफ्ट करने का दावा करते है। खैर यह तो समय आने पर सभी के सामने होगा कि कौन - कौन व्हाट्स एप्प की इस पॉलिसी को स्वीकार करता है। मैं व्हाट्स एप के उन सभी उपभोक्ताओं से कहना चाहूंगा कि व्हाट्स एप्प पर बवाल क्यो? ग़र चलाना ही नही तो फिर सवाल क्यो...?

**दीपेश पालीवाल**<br>
**उदयपुर राजस्थान**

## मेरी मोहब्बत



आज दुल्हन के जोड़े में<br>
उसे उसकी सहेलियों ने सजाया होगा<br>
उसके गोरे हाथों पर उसकी सखियों ने मेंहदी को लगाया होगा<br>
बहुत गहरा चड़ेगा मेहंदी का रंग<br>
उस मेहंदी में मेरा नाम बी छुपाया होगा<br>
रह रह रो पड़ी होगी बो<br>
जब जब मेरा ख्याल उसको आया होगा<br>
खुद को देखा होगा आईने में<br>
उसने तो अस्क मेरा वी नजर आया होगा<br>
लग रही होगी बाल सी सुंदर आज वो देखकर चांद वी उसको शर्माया होगा<br>
आज मेरी मोहब्ब्त ने अपने माँ बाप की इज्ज्ज़ को बचाया होगा<br>
उसने बेटी होने का फर्ज तो निभाया होगा<br>
मजबूर होगी बो सबसे ज्यादा सोचता हूं किस तरह खुद को समझाया होगा<br>
अपने हाथों से उसने हमारे प्रेम के खतो को जलाया होगा<br>
खुद को मजबूत बनाकर उसने दिल मे मेरी यादो को दबाया होगा<br>
भूखी होगी जनता हु मैं कुछ न उस पगली ने मेरे बगैर ना कुछ खाया होगा<br>
कैसे संभाला होगा खुद को जब उसको फैरो के लिए बुलाया होगा<br>
काँपा होगा जिस्म उसका होले से पंडित जी ने जब हाथ उसका किसी गैर को पकड़ाया होगा<br>
मैं तो मजबूर हु पता है उसको आज खुद को बी बेबस सा उसने पाया होगा<br>
रो रो कर बुरा हाल हो जाएगा उसका जब समय बिदाई का आया होगा<br>
बड़े ही प्यार से उसके अपनो ने उसको डोली में बिठाया होगा<br>
रो पड़ेगी आत्मा और दिल भी चीखा ओर चिल्लाया होगा<br>
आज अपने माँ बाप की खुशी की लिए अपनी खुशियो को दबाया होगा।।

**पंकज शर्मा**<br>
**चिनोर मप्र**

## ज्योति स्वरूप आलिंगन



आलिंगन तुम स्विकार करो<br>
अविनाशिता ज्योति-स्वरूप का<br>
निस्संदेह ही परम पूजनीय है<br>
स्वांस जनक तुम्हारे प्रारूप का<br>
तन, मन, धन सब देन ही स्वांस की<br>
अनुभव करो कृपा निधान अनूप का<br>
शांत चित परमात्मामय मिलन करो<br>
सारथी बनो अंतर्मन अश्वयूप का<br>
दान, पुन्य, कर्म भी शून्य में जाएगा<br>
आनंद जो व्यवस्थित है तद्रुप का<br>
मोक्षदायिनी प्रथा आदिकाल से चली<br>
संज्ञान त्रिगुटी महल आत्मानुरूप का

**स्वामी दास**<br>
**नई दिल्ली**

## है परिवार जो साथ तो हर मुश्किल है आसान

सुख दुःख में साथ निभाना मिलकर हर जश्न मनाना एक दूसरे पर निस्स्वार्थ प्यार लुटाना यही है संयुक्त परिवार का खजाना। से पाँच ऊँगलियां जुड़ कर मुट्ठी बनती है और मुट्ठी ताकत बन जाती है, वैसे ही संयुक्त परिवार की ताकत भी ज़िंदगी की हर चुनौतियों से लड़ने में अहम भूमिका निभाती है। परिवार की महत्ता समझना बहुत जरूरी है। रिश्तों में अपनापन नींव है परिवार की। आजकल संयुक्त परिवार विभक्त में छंट रहे है। अपनों की अहमियत समझे बिना परायों के आगे खुशामत करने में समझदारी नहीं। अच्छे बुरे वक्त में अपने ही साथ खड़े रहेंगे और अपनों से ही परिवार की शोभा है। एक परिवार के बिना हम सभी अकेले है। हम जीवन रुपी समुन्द्र में संघर्षो के तूफान और चुनौतियों के सैलाब जैसे बहते हुए पानी के बीच यात्रा करते हैं। यदि हमारे पास सहारा देने के लिए एक परिवार नहीं है तो हम अक्सर इस यात्रा में विफल रहते हैं और जीवन की हर चुनौतियां हार जाते है। परिवार हमें बुरे समय से गुजरने की शक्ति देता है और हमारे साथ अच्छे समय का जश्न मनाता है।इंसान की फ़ितरत है छोटी सी बात पर बुरा मानना, एक दूसरे को छोटा दिखाने के लिए गलत टोन में सुनाना, अपमान करना, और रिश्ते में पड़ी दरार को भरने की बजाय दूरी को बढ़ाना। ज़िंदगी में जब बुरा वक्त आता है तब हम अपनों की ओर ही नज़र दौड़ाते है समाज में दूर खड़े रहकर तमाशा देखने वालों की कमी नहीं।भाई-भाई में सास-बहू में ननंद-भाभी में या कोई भी रिश्ते में अनबन होती है पर चर्चा



करो झगड़ा नहीं। अनबन को मतभेद तक सिमित रखो मनभेद नहीं बनाना चाहिए। क्यूँ लहज़े में मिठास नहीं रख सकते, अपनों के प्रति ज़हर उगलने में कौन सी बहादुरी है ? कितनी भी कड़वाहट हो रिश्ते में पर जब अपनों के उपर आफ़त आती है तब अपनों का दिल ही जलता है। आज के इंसान को अकेलापन रास आने लगा है शायद अपने आप में गुम होता अपनों के हाथ की गिरह छुड़ाकर दूर होता जा रहा है। और फिर मोबाइल के आभासी दोस्तों में अपनापन ढूँढता है। समझता भी है की आभासी दुनिया में कोई किसीका नहीं एक ज़रा सी लाइक ना देने पर आप ब्लॉक लिस्ट में विराजमान हो जाते हो।अपनें चाहे कितने भी रुठे हो एक दो मीठे बोल पर गले लग जाते है। अगर रिश्ता बचाने के लिए थोड़ा झुकना पड़े तो झुक जाईये अपनों के आगे झुकने में शर्म कैसी। बड़प्पन दिखाकर अपनी गरिमा बनाएँ रखें रिश्ते खिल उठेंगे।क्या साथ लेकर आए थे क्या लेकर जाएँगे। ट्रेन या बस के छोटे से सफ़र में भी हम दोस्त बना लेते है तो ज़िंदगी के सफ़र में किस्मत से जो अपने मिले है उनको क्यूँ संभाल कर नहीं रख सकते। कोई हज़ारों साल नहीं जीने वाला सबको एक दिन मिट्टी में दफ़न होना है। एसा कोई दिया नहीं जिस पर हवा की नज़र नहीं तो गुरुर किस बात का। अगर रुठा है कोई अपना तो मना लीजिए, या आप रुठे हो किसीसे तो मान जाया किजीए। ज़िंदगी का जश्न अपनों के साथ मनाने में मजा है गैरो में दम कहाँ जो हर मोड़ पर साथ दें। क्या मतलब रह जाएगा वक्त गुजर जाने के बाद आपको अपनों की किंमत समझ आए तो। इसलिए अपनों की इस अनमोल पूंजी को सहजकर रखिए। परिवार का मान सन्मान एक दूसरे के साथ रहकर बढ़ता है एकता में ही समझदारी है।

**(भावना ठाकर, बेंगुलूरु)भावु**

## विधा- कविता



मुसाफिर जिंदगी के सफर में, हम सब हैं एक<br>
मुसाफिर बचपन,<br>
जवानी, वृद्धावस्था के,<br>
महत्वपूर्ण सोपानो को<br>
पार करते ,<br>
मंजिल पर आगे बढ़ते<br>
जाना<br>
अनवरत चलते जाना,<br>
कुछ खट्टी मीठी यादों को साथ लिए,<br>
कुछ भूली बिसरी बातों को साथ लिए,<br>
अपने सफर पर बढ़ते जाना<br>
हम वह मुसाफिर हैं, जो अपने सफर पर आगे बढ़ते हुए,<br>
अपने जीवन के सभी सोपानो पर एक नया इतिहास रचते हैं<br>
अपने पद चिन्हों को छोड़ते हुए,<br>
जीवन की पगडंडी पर मंजिल की ओर बढ़ते हैं

स्वरचित, अप्रकाशित एवं मौलिक रचना<br>
लेखिका/ रचनाकारः रीता तिवारी ÷रीत÷<br>
शिक्षाः एमए समाजशास्त्र, बी एड, सीटीईटी उत्तीर्ण<br>
**पिता का नामः श्री अवधेश तिवारी**

## नमन मंच



यह जीवन तो है एक मेला ।<br>
दिन रात चलता यहां रेला ।<br>
सबके अपने अपने यहाँ काम<br>
न किसी को चैन न ही आराम।<br>
सुकून की तलाश को भटक रहा हर कोई यहां,<br>
नींद है आखों से यहाँ सबकी खोई ।<br>
हर किसी की बिदूषक सी है जिन्दगी ,<br>
पल में मुस्कुराई और अगले ही पल है रोई ।<br>
रंग मंच है जीवन यह ,<br>
किरदार निभाते हैं बस यहाँ ।<br>
विदूषक की भांति चेहरे पर है चेहरा चढ़ा ,<br>
कौन सच्चा कौन झूठा किसी को है पता कहाँ ।

**रश्मि वत्स**<br>
**मेरठ(उत्तर प्रदेश)**

## राम मंदिर निमार्णः राम काज के लिए अक्षय कुमार ने चंदा देकर कहा
# अब बारी हमारी है



सोशल मीडिया के जरिए देशवासियों से भी की अपील

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण शुरू हो चुका है। ऐसे में देश भर से लोगों से चंदा लिया जा रहा है, जो एक अभियान के तौर पर चल रहा है। इसी निधि समर्पण अभियान में बॉलीवुड से संभवतः पहली भागीदारी देते हुए अक्षय कुमार ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, जिसमें वे देशवासियों से राम मंदिर के लिए चंदा देने की अपील की है। हालांकि अक्षय ने कितना चंदा दिया इस बात का खुलासा नहीं किया है।

### अक्षय बोले- हम भी गिलहरी और वानर बनें

अक्षय ने वीडियो के कैप्शन में लिखा- बहुत खुशी की बात है कि अयोध्या में हमारे श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण शुरू हो चुका है... अब योगदान की बारी हमारी है। मैंने शुरूआत कर दी है, उम्मीद है आप भी साथ जुड़ेंगे। जय सियाराम। वीडियो में अक्षय ने बताया कि वे अपनी बेटी को रामसेतु निर्माण में गिलहरी के योगदान की कहानी सुना रहे थे। उसी कहानी की तरह उन्होंने देशवासियों से गिलहरी और वानर बनने की अपील भी की है।

### 14 जनवरी से शुरू हुआ अभियान

राम मंदिर निर्माण के लिए चंदा लेने का अभियान 14 जनवरी से शुरू हुआ है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने निधि समर्पण अभियान के तहत 51 हजार का चेक देकर इस अभियान की शुरूआत की। जिसमें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी चंदा दिया था। राष्ट्रपति ने चेक के जरिए पांच लाख रुपये का चंदा ट्रस्ट को सौंपा था। इसके पहले साउथ एक्ट्रेस प्रणिता सुभाष ने भी एक लाख रुपए समर्पित करने की घोषणा की है।

## सगाई के बाद शादी करने जा रहे हैं हरमन बावेजा, इस दिन साशा रामचंदानी संग लेंगे सात फेरे




हरमन बावेजा काफी समय से बड़े पर्दे से दूर रहे है लेकिन पिछले कुछ दिनों से वह अपनी शादी को लेकर चर्चा मे हैं। उन्होंने पिछले सास दिसंबर में चंढीगढ़ में न्यूट्रिशियन कोच साशा रामचंदानी से सगाई की थी। अब उनकी शादी की लेकर खबरें आ रही हैं। हरमन और साशा इस साल शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। हरमन बावेजा और साशा 21 मार्च, 2021 को कोलकाता में शादी करने जा रहे हैं। हरमन के पिता हैरी बावेजा शादी की डेट फिक्स कर चुके हैं। उन्होंने यह जानकारी परिवार और करीबी दोस्तों को भी बता दी है। इस शादी में फिल्म इंडस्ट्री के कुछ लोग ही शामिल होंगे। हरमन और साशा के परिवार ने शादी की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। हरमन ने 50-70 लोगों की लिस्ट तैयार की हैं, जो उनकी शादी में मेहमान बनकर पहुंचेंगे। हालांकि, मुंबई में वह वेडिंग रिसेप्शन देंगे या नहीं यह अभी तक क्लियर नहीं है।

# सेलेब्स की लव लाइफः वरुण धवन करने जा रहे नताशा दलाल से शादी

## इन बॉलीवुड स्टार्स ने भी बचपन की दोस्त को बनाया था पत्नी

वरुण के अलावा भी कई सेलेब्स हैं जिनकी बचपन की दोस्ती प्यार में बदल गई और उन्होंने अपनी चाइल्डहुड स्वीटहार्ट को अपनी दुल्हनिया बना लिया। नजर डालते हैं कुछ ऐसे ही सेलेब्स पर...

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन 24 जनवरी को विवाह बंधन में बंधने वाले हैं। वह अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड नताशा दलाल से शादी करने जा रहे हैं। नताशा और वरुण एक-दूसरे को तब से जानते हैं जब दोनों बचपन में एक ही स्कूल में साथ पढ़ा करते थे।






### ऋतिक रोशन

ऋतिक 12 साल की उम्र में ही पड़ोस में रहने वाली सुजैन खान को पहली नजर में दिल दे बैठे थे। ऋतिक की तरह सुजैन भी फिल्मी परिवार से ही ताल्लुक रखती थीं। वो अभिनेता संजय खान की बेटी हैं। उस समय ऋतिक सुजैन से तो अपने दिल की बात नहीं कह पाए, लेकिन अपने दिल का हाल उन्होंने अपने करीबी दोस्त अभिनेता उदय चोपड़ा को सुनाया और कह दिया कि वो सुजैन से शादी करना चाहते हैं। हालांकि, इस बीच दोनों अपने प्रोफेशन में आगे बढ़ गए।

कुछ सालों बाद ऋतिक और सुजैन की नजरें फिर से मिलीं। दोनों की मुलाकातें बढ़ने लगीं और शुरू हो गई लव स्टोरी। 20 दिसंबर, 2000 को ऋतिक और सुजैन शादी के बंधन में बंध गए। दोनों ने अपनी शादी को पूरा एन्जॉय किया। शादी के 6 साल के बाद 2006 में ऋहान और 2008 में ऋदान का जन्म हुआ। 13 दिसंबर, 2013 को दोनों ने अपनी 17 साल की शादी को खत्म कर तलाक ले लिया था।



### आयुष्मान खुराना

आयुष्मान ने अपने बचपन की दोस्त ताहिरा कश्यप को जीवन साथी चुना है। ताहिरा जब 16 साल की थीं, तब आयुष्मान की उनसे मुलाकात हुई थी। दोनों के परिवार भी एक-दूसरे को जानते थे। करीब 12 साल की पहचान को दोनों ने 2011 में शादी में बदला। आयुष्मान के लिए ताहिरा काफी लकी साबित हुईं। शादी के बाद ही उन्होंने बॉलीवुड में विकी डोनर से सफल शुरूआत की। इस कपल के दो बच्चे, एक बेटा और एक बेटी हैं।



### इमरान खान

आमिर खान के भांजे इमरान 2011 में शादी के बंधन में बंधे थे। उन्होंने अपनी चाइल्डहुड गर्लफ्रेंड अवंतिका मलिक से शादी की थी। शादी से पहले दोनों ने एक-दूसरे को तकरीबन 10 साल तक डेट किया था। उनकी बेटी इमारा का जन्म जून 2014 में हुआ था। शादी के बाद 2019 में दोनों के रिश्ते में दरार पड़ गई। दोनों अलग रहते हैं हालांकि इन्होंने तलाक नहीं लिया है।



### शाहरुख खान

शाहरुख और गौरी भी टीनएज लवर्स थे। बात 1984 की है जब दिल्ली के पंचशील क्लब में चल रही एक पार्टी में 19 साल के शाहरुख की नजर, 14 साल की गौरी पर पड़ी थी। शाहरुख उन्हें बस देखते ही रह गए थे। 25 अक्टूबर, 1984 को तीसरी मुलाकात में शाहरुख ने गौरी के घर का फोन नंबर हासिल कर ही लिया। इसके बाद कई उतार-चढ़ावों के बीच से इनका प्यार गुजरा और दोनों ने 1991 में शादी कर ली थी। अब ये तीन बच्चों आर्यन, सुहाना और अबराम के माता-पिता हैं।



# खुद की बेटी होने पर अपनी मां को समझ पाई : काजोल

बॉलीवुड स्टार काजोल का अपनी मां व वरिष्ठ अभिनेत्री तनुजा से काफी लगाव है। वह कहती हैं कि खुद की बेटी होने के बाद ही उन्होंने सही मायने में अपनी मां को समझा। अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें अपनी बेटी निसा के होने के बाद अपनी मां के बलिदानों का एहसास हुआ।

काजोल ने कहा, मैंने अपनी मां को तभी सही तरीके से जाना जब मेरी खुद की बेटी हुई। मैं हमेशा अपनी मां से प्यार करती थी, हमेशा उनकी प्रशंसा करती थी और सोचता थी कि वह शानदार हैं। लेकिन जब मेरी बेटी हुई तो मुझे अपनी मां को फोन करना और उनके साथ रोते हुए बातें करना सब याद है और उनसे कहती थी, 'मुझे पता है कि तुम मुझे बहुत प्यार करती हो'।

बातचीत को याद करते हुए काजोल ने कहा, उस समय, मैं समझ गई थी कि वह मुझसे कितना प्यार करती हैं। मैंने उनसे कहा 'आज, मैं समझती हूं कि आपने मेरे लिए कितने त्याग किए, आपने जीवन में हर चीज के बारे में कैसा महसूस किया, क्योंकि मैं थी आपके पास और आपके लिए सब कुछ कैसे बदल गया'।

अभिनेत्री ने कहा, और यह भी कि उन्होंने मेरी मां बनने पर कितना कुछ किया। मुझे यह तभी समझ आया, जब मेरी खुद की बेटी हुई। मुझे अहसास हुआ कि एक बच्चे को जन्म देने के लिए उन्हें क्या करना पड़ा। यह जानने के बाद मेरी मां के लिए मेरे मन में सम्मान 100 गुना बढ़ गया।

अभिनेत्री ने आगे कहा, मुझे याद है कि जब हम छुट्टियों पर जाने वाले होते थे, तब वह फिल्मों को ना कह देती थीं। वह कहती थी, 'मुझे क्षमा करें, मैं अप्रैल और मई के महीने में काम नहीं कर पाऊंगी, क्योंकि मेरे बच्चों की छुट्टियां हैं और मैंने उनसे वादा किया कि मैं उनके साथ रहूंगी'।

## महाभारत के कर्ण का किरदार निभाएंगे शाहिद कपूर

बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर सिल्वर स्क्रीन पर महाभारत के कर्ण का किरदार निभाते नजर आने वाले हैं। शाहिद कपूर ने अपने इस प्रोजेक्ट के लिए फिल्मकार राकेश ओमप्रकाश मेहरा के साथ हाथ मिलाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म महाभारत में शाहिद कपूर कर्ण का आइकॉनिक किरदार निभाने जा रहे हैं। फिल्म में कर्ण का किरदार सबसे अहम होगा। इस फिल्म में 'महाभारत' की कहानी कर्ण के नजरिए से दिखाई जाएगी। हालांकि, अभी इस फिल्म की ज्यादा डिटेल्स सामने नहीं आई है। ऐसे में यह कहना मुश्किल है कि फिल्म को मॉडर्न लुक में दिखाया जाएगा या फिर नहीं।



बताया जा रहा है राकेश ओर प्रकाश मेहरा की यह मेगा बजट फिल्म बॉलीवुड की सबसे शानदार फिल्म बनने वाली है। शाहिद कपूर की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने पिछले साल अपनी नई फिल्म जर्सी की शूटिंग पूरी की है। इस फिल्म में वह एक क्रिकेटर की भूमिका में नजर आएंगे।

शाहिद कपूर की यह फिल्म इस साल दीपावली पर 5 नंवबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है। जर्सी एक प्रतिभाशाली लेकिन असफल क्रिकेटर की कहानी को बताने वाली एक फिल्म है, जो अपने उम्र के 30 साल की उम्र में भारतीय क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करने की इच्छा से प्रेरित होकर मैदान में वापसी का फैसला करता है और अपने बेटे की इच्छा पूरी करता है।

# 'थलैवी' कंगना रनोट ने 'एमजीआर' अरविंद स्वामी का लुक किया जारी

अभिनेत्री कंगना रनोट ने अपनी आगामी फिल्म 'थलैवी'से जुड़ी एक फोटो शेयर की है। यह फोटो एमजीआर के जन्मदिवस पर विशेष ट्रिब्यूट के तौर पर जारी की गई है। कंगना रनोट ने तमिलनाडु की भूतपूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता और अरविंद स्वामी का वीडियो शेयर किया है। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'एमजीआर के जन्मदिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि, वे एक क्रांतिकारी नेता थे और थलैवी के गुरु भी थे'।

फोटो में उन्हें 60 के स्टाइल में देखा जा सकता है और उन्होंने ज्वेलरी भी पहन रखी है। साथ ही वह अरविंद के साथ डांस पोज में भी नजर आ रही हैं' अरविंद स्वामी ने क्लीन शेव लुक दिया है। ठीक है 1 वर्ष पहले निमार्ताओं ने अरविंद स्वामी का फर्स्ट लुक जारी किया था । इस फिल्म की रिलीज डेट की अभी घोषणा नहीं की गई है।

कंगना रनोट ने फिल्म की शूटिंग दिसंबर में पूरी कर ली है। उन्होंने जयललिता के वेश में फोटो शेयर करते हुए लिखा था, 'शूटिंग पूरी हो गई। हमने आज थलैवी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली। मुझे इस फिल्म से प्यार हो गया था लेकिन अब जाने का समय आ गया है। साथ ही उन्होंने यह भी लिखा था, यह मेरे लिए एक खास मौका था' सभी को बधाई। फिल्म थलैवी कई भाषा में बनने वाली बायोग्राफी फिल्म है। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू में बनेगी। इस फिल्म का निर्देशन ए. एल. विजय कर रहे हैं। वहीं फिल्म का निर्माण विष्णुवर्धन इंदौरी और शैलेश सिंह कर रहे हैं।

कंगना रनोट बॉलीवुड अभिनेत्री है। वह कई फिल्मों में अहम भूमिका निभा चुकी हैं। उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं। कंगना की फिल्में काफी पसंद की जाती हैं। कंगना फिल्मों के अलावा अपने विचारों को लेकर भी चर्चा में रहती ह। उन्होंने कई विषयों पर अपनी बात खुलकर रखी हैं। इसके चलते वह कई बार ट्रोलिंग का शिकार भी हुई हैं।



# छेड़छाड़ के आरोपियों को किसी भी हालत में बक्सा नही जाएगा :संजय सोनी

## छेडछाड़ रोकने मध्यप्रदेश पुलिस का जागरूकता अभियान जारी

**लहार( अर्पित गुप्ता)**

पुलिस अधीक्षक भिंड मनोज कुमार सिंह एवम अतरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन के निर्देशन में एस.डी.ओ.पी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में मिहोना नगर की पुलिस ने आज शा.कन्या विद्यालय में पहुंच कर छात्राओं को जागरुक किया। युवाओं द्वारा लड़कियों से की जाने वाली छीटाकसी छेड़छाड़ को लड़कियां कतई बर्दाश्त न करें थाना प्रभारी मिहोना संजय सोनी ने कहा कि सीधे पुलिस



को सूचना करें पुलिस हमेशा आपके साथ है आरोपियों को किसी भी हाल में बक्सा नही जाएगा शासकीय उच्चतर विद्यालय मिहोना में महिला जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत उन्होंने कहा छेड़खानी करने वालों को तुरंत सबक सिखाने के लिए पुलिस को सूचना करना चाहिए तुरन्त सूचना न करने से अपराधियों के होंसले बुलन्द होते है जिससे बारदाते बढ़ती है कतई हिचकिचाये नही हम हर पल हर घड़ी आपके साथ है ।



# उपनिरीक्षक पूजा सिंह ने छात्राओं को किया जागरूक

## विकट परिस्थितियों में लगाये 100 डायल या 1090 महिला हेल्पलाइन नम्बर

**लहार( अर्पित गुप्ता)**

पुलिस अधीक्षक भिंड मनोज कुमार सिंह एबम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन के निर्देशन म एस.डी.ओ.पी लहार अवनीश बंसल एवम प्रभारी थाना प्रभारी लहार सत्येंद्र सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में थाना लहार की महिला उपनिरीक्षक पूजा सिंह ने लहार नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुँचकर छात्राओं को जागरूक किया उन्होंने कहा छेड़छाड़ करने बाला जितना दोषी है उतना ही सहन करने बाला भी इसलिए गलत हरकत का विरोध करें और दोषियों पर कार्यबाही करबाये जिससे कि जिससे कि गलत ब्यक्तियों को उनके किये का दंड मिल सके उन्होंने छात्राओं को जागरूक किया उन्हे उनके अधिकारों से अवगत कराया और बताया विकट परिस्थितियों में 100 डायल सेवा या 1090 महिला हेल्पलाइन नम्बर लगाये उन्होने कहा अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत रहे और अपने ऊपर खतरा मढ़राने से पहले अपने घरवालो को अवगत कराये और अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत रहे इस मौके पर उनके साथ आरक्षक अजय गुर्जर एवम अनिल मिश्रा मौजूद रहे ।

**बताये ट्रेफिक के नियम**–उन्होने छात्राओं को ट्रेफिक के नियम ,कानून और फायदों के बारे में बाताया उन्होने कहा जो ट्रेफिक नियमों का ईमानदारी से पालन करते है दुर्घटनाए उनसे कोषों दूर रेह्ती है उन्होने कहा जब आप ग्रहस्थ जीवन में प्रवेश करे तो इन नियमों का पालन खुद करे और अपने परिवार वालो से करवाये ॥

# हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनेगा भारतीय गरिमा का शीर्ष उत्सव

## कलेक्टर श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक ली , कोविड-19 की वजह से समारोह में इस बार स्कूली बच्चे शामिल नहीं होंगे

**ग्वालियर।** भारतीय गरिमा के शीर्ष उत्सव गणतंत्र दिवस की वर्षगाँठ सम्पूर्ण देश की भाँति ग्वालियर जिले में भी परंपरागत ढ़ंग से उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को मुख्य समारोह कम्पू स्थित एस ए एफ ग्राउण्ड पर आयोजित होगा। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मुख्य समारोह की तैयारियों के सिलसिले में सोमवार को बैठक लेकर विभिन्न अधिकारियों को तमाम व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी।

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि संयुक्त परेड की सलामी लेंगे और प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। इस अवसर पर आकर्षक विभागीय झांकिया भी निकलेंगीं।

बैठक में जानकारी दी गई कि वैश्विक महामारी कोरोना की वजह से इस बार मुख्य समारोह में स्कूली बच्चे शामिल नहीं होंगे। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी नहीं होगा। कोविड-19 को ध्यान में रखकर राज्य शासन द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के तहत संयुक्त परेड में इस बार एनसीसी, स्काउट - गाइड एवं शौर्या दल की टुकड़ी शामिल नहीं रहेंगीं। बैठक में अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, श्री किशोर कान्याल, श्री टी एन सिंह व श्री रिंकेश वैश्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सतेन्द्र सिंह तोमर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

**स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों एवं कारगिल शहीदों के परिजनों का घर पर ही किया जायेगा सम्मान**–गणतंत्र दिवस पर इस बार स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों एवं कारगल शहीदों की विधवा वीरांगनाओं का सम्मान उनके घर पर ही किया जायेगा। वैश्विक महामारी कोरोना को ध्यान में रखकर इस आशय का निर्णय लिया गया है।

**कार्यालय में ही पहुँचाए जायेंगे प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार के लिये 23 जनवरी तक नाम माँगे**–गणतंत्र दिवस को एसएएफ ग्राउण्ड पर आयोजित होने वाले जिले के मुख्य समारोह में कोविड की वजह से इस बार पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित नहीं होगा। विभिन्न विभागो के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को उनके कार्यालय में ही सम्मानपूर्वक प्रशस्ति पत्र पहुँचाए जायेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों से 23 जनवरी तक शासकीय सेवकों के नाम कलेक्ट्रेट भेजने के लिये कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि लॉकडाउन एवं कोरोना नियंत्रण की ड्यूटी में बतौर कोरोना वॉरियर्स कार्यरत रहे शासकीय सेवकों को इस बार विशेष तौर पर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही हाल ही में हुए उपचुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने में योगदान देने वाले शासकीय सेवकों को भी प्रशस्ति पत्र दिए जायेंगे।

**आकर्षक झांकियां निकलेंगी**–
मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह में विभागीय झांकिया भी आकर्षण का केन्द्र होंगी। इनमें जिला पंचायत, जेल, कृषि, आदिम जाति कल्याण, वन, शिक्षा, उद्योग, महिला-बाल विकास, पीएचई, नगर निगम, स्वास्थ्य, उद्यानिकी व सामाजिक न्याय विभाग आदि विभागों की झाँकियाँ शामिल रहेंगी।

## शोकसभा

मऊरानीपुर (झाँसी) श्री लक्ष्मणदास दमेले इण्टर कॉलेज मऊरानीपुर के प्रागंण में प्रधानाचार्य, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर, कर्मचारियों एवं छात्रों की एक सभा ओमप्रकाश शर्मा उ. प्र. मा. शिक्षक संघ के अध्यक्ष , पूर्व एमएलसी के आकस्मिक निधन हो जाने पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान की गयी। शोकसभा में मनमोहन गुप्ता (प्रधानाचार्य), सुरेश चन्द्र मिश्रा, सुनील कुमार गुप्ता, बाबूराम , रामकुमार मिश्रा, संतोष कुमार मिश्रा, श्रीमति निर्मला भारती, सूर्य सिंह, शिवकुमार खरे, रघुराईराम , सतीश कुमार तिवारी, अरुण कुमार पाठक, जगमोहन भौडले, श्रीमति विनोद कुमारी अग्निहोत्री, बृजेश कुमार कौशिक, नवीन कुमार, बालकृष्ण वर्मा, राकेश कुमार सर्राफ लक्ष्मीकान्त आर्य, सुरेश कुमार, कैलाश नारायण, विजय कुमार गुप्ता, बालकृष्ण कुशवाहा, विजय कुमार नामदेव, महेन्द्र सिंह यादव, संतोष कुमार गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, जय सिंह पटेल, दीपक अग्रवाल, सुनील राय, रामप्रताप सिंह, संजीव कुमार, संदीप कुमार सक्सैना, लकी गुप्ता, प्रियंक पहारिया ,गोबिन्द दास अहिरवार, सत्येन्द्र गुप्ता, ऋषि दमेले, शिवनारायण यादव, अनिल कुमार गुप्ता, शिवम राजपूत, प्रशन्न कुमार दमेले, रामविलाश शर्मा, राजदीप कान्त खरे, श्रीमती सुशीला देवी, कैलाश ,कमलेश, मुकेश, शिवदयाल, सोम आदि ने श्री शर्मा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये एवं सोशल डिस्टेसिंग का पूर्णतः पालन किया गया।

## यूपी पंचायत चुनाव संग्राम

### प्रधान ,बीडीसी और जिला पंचायत सदस्यों की जमानत और चुनाव खर्च की सीमा तय

**(सौरभ भार्गव)**

मऊरानीपुर (झाँसी) उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में माहौल बनाने का काम शुरु हो गया है। जिसमें प्रधान पद से लेकर बीडीसी सदस्य और जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी अपने- अपने दावों को लेकर वोटरों के चबूतरों पर समय देने लगे है। इस बीच निर्वाचन आयोग की ओर से प्रत्याशियों के लिये एक सुकून भरी खबर मिल रही है। सूत्रों की माने तो इस बार राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों की जमा कराई जाने वाली जमानत राशि के साथ ही चुनावी खर्च के दायरे को नही बढाये जाने का फैसला किया है। आपको बता दे कि जो जमानत धनराशि पिछले चुनाव के दौरान विभिन्न पदों के लिये निर्धारित की गई थी। उसे ही इस बार भी बरकरार रखा जायेगा। खर्च की सीमा में भी कोई बदलाव नही किये जाने के संकेत मिल रहे है। बताया गया है कि राज्य निर्वाचन आयोग ने जो इस बार जमानत धनराशि और खर्च सीमा का निर्धारण किया है। जिला पंचायती राज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान पद के लिये चुनाव लडने वाले लोगों को 2 हजार रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। इसके साथ ही सदस्य ग्राम पंचायत को 500 रुपये , क्षेत्र पंचायत सदस्य को 2 हजार रुपये और जिला पंचायत सदस्य के लिये 4 हजार रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। वही अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, पिछडा वर्ग व महिला प्रत्याशी को सामान्य के लिये निर्धारित की गई जमानत राशि का आधा ही जमा करना होगा। निर्वाचन आयोग ने चुनावी खर्च की सीमा भी तय कर दी गई है। जो लोग चुनाव लडेंगे उनमें प्रधान पद के प्रत्याशियों के लिये 75 हजार, सदस्य ग्राम पंचायत के लिये 10 हजार, क्षेत्र पंचायत के लिये 75 हजार और जिला पंचायत सदस्य पद के लिये सर्वोधिक डेढ लाख रुपये चुनाव के दौरान खर्च करने की गाईड लाईन तैयार की गई है। बताया गया है कि प्रत्याशी का खर्च नामांकन करने के बाद से ही जोडा जाना शुरु हो जायेगा। आयोग की ओर से जारी निर्देशों के तहत नामांकन से लेकर परिणाम घोषित होने तक हुये व्यय का लेखा जोखा प्रत्याशी को तैयार रखना होगा। परिणाम घोषित होने के बाद तीन माह के भीतर खर्च का ब्योरा प्रत्याशी प्रस्तुत करेगें। निर्वाचन आयोग की ओर से पहले की तरह ही इस व्यवस्था को कायम रखा गया है। अभी तक इसमें नया किसी प्रकार का बदलाव नही किया गया है।

# विद्यार्थी परिषद ने मेहगांव में कराई दौड़ प्रतियोगिता

**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**मेहगांव** –अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मेहगांव के द्वारा चलाये जा रहे विवेकानंद जयंती से नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती तक युवा चेतना पखवाड़ा अभियान के तहत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 2 वर्गों में जूनियर लेवल और सीनियर लेवल में दो सैंकड़ा छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन जेल रोड पर किय गया। जिसका समापन शासकीय महाविद्यालय में मंचीय कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम में वरिष्ठ डॉ सतीश तिवारी जी, पत्रकार संघ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तम राजौरिया, विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक गिरजेश सैंथिया, एवं विभाग संयोजक अस्वनी त्यागी ने किया। कार्यक्रम संयोजक प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सचिन भदौरिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम का शासकीय महाविद्यालय में समापन हुआ इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विपिन देपुरिया, शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य रजोल कुमार सक्सेना, नगर अध्यक्ष आनंद जैन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन नगर



उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास ने और आभार व्यक्त नगरमंत्री अनूप गौड़ ने किया।*-प्रशांत शर्मा ने प्रथम स्थान तो **द्वितीय स्थान पर पुष्पेंद्र ने जूनियर, सीनियर दोनों में मारी बाजी** -आज की दौड़ रोमांचक तब हो गई जब जूनियर लेवल के धावकों ने सीनियर लेवल में भी लगातार क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया। जूनियर लेवल में दौड़ने वाले प्रशांत शर्मा ने पहल स्थान प्राप्त किया तो दूसरा स्थान पुष्पेंद्र सिंह ने हासिल किया वही तीसरे स्थान पर अमन भदौरिया रहे। सीनियर लेवल की प्रतियोगिता में दोबारा प्रशांत शर्मा प्रथम, पुष्पेंद्र सिंह ने द्वितीय और तृतीय स्थान पर योगेंद्र सिंह गुर्जर ने प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण 23 दिसम्बर को सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर एक साथ किया जायेगा। इस दौरान संतोष गुर्जर, प्रशांत गुर्जर, प्रशांत शर्मा, नित्यम तिवारी, अभिषेक डंडोतिया, विपिन बघेल, अवनीश त्यागी, सौरभ गौड़, आकाश गुर्जर, सत्यम दुबे, नितिन बघेल, हिमांशु शर्मा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

**अभाविप कल कराएगी लम्बी कूद प्रतियोगिता**–विद्यार्थी परिषद के पखवाड़े के तहत कल सुबह 10 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में लम्बी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

# अंतरराज्यीय क्रिकेट महाकुंभ के फाइनल में कानपुर ने मारी बाजी

**दबोह( अर्पित गुप्ता)**

पूर्व मंत्री लहार विधायक डॉ.गोविन्द सिंह के पिता स्वर्गीय मथुरा सिंह फाउंडेसन समिति दबोह के तत्वाधान में खेले जा रहे 15 वे अंताराज्यीय क्रिकेट टूनामेंट महाकुंभ 11 जनबरी से 17 जनबरी तक दबोह के शासकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर खेला जा रहा था जिसके समापन के अवसर पर मुख्यातिथि के रूप मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री लहार विधायक डॉ. गोविंद सिंह मौजूद रहे।तो वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में गोहद विधायक मेवाराम जाटव मौजूद रहे तो वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सहकारिता के पूर्व प्रशासक उदय प्रताप सिंह सेंगर राजाबाबू ने की।कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम मंत्री डॉ.गोविंद सिंह के पिता स्व.मथुरा सिंह के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये।उसके बाद आयोजन समिति के अध्यक्ष रमाशंकर चौधरी एबं सचिव चौधरी हाकिम सिंह ने मौजूद अतिथियों का खिलाड़ियों से परिचय कराया।वहीं मंच पर जनता को सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि डॉ गोविन्द सिंह ने कहा कि विभिन्न प्रकार के खेलों की क्रियाएं हमारे लिए बहुत प्रकार के सकारात्मक अवसर लाती है।इसमें बहुत सी समस्याएं भी आती है हालांकि वे इतना अधिक मायने नहीं रखती।खेल गतिविधियों में भाग



लेना बच्चों की स्कूली उपलब्धियों को बढ़ाता है।बच्चों के जीवन में खेल बड़ी उपलब्धियों को प्राप्त करने का रास्ता है हालांकि ये उनकी गतिशीलता और उस अनुभव पर अधिक निर्भर होता है जो उनके पास पहले से होता है।उन्होंने कहा कि नगर की जनता लगातार वर्षो से दबोह में स्टेडियम की मांग कर रही है जिसके लिए मैं अभी को वादा नही कर सकता परन्तु प्रयास करूंगा क्यों कि प्रदेश में हमारी सरकार नही है परंतु प्रयास जरूर करूँगा की अपने कार्यकाल में रहते हुए आप सभी को स्टेडियम की सौगात दूं।इसी क्रम में गोहद विधायक मेवाराम जाटव ने कहा कि दबोह नगर में मेरा प्रथम आगमन है और प्रथम आगमन पर ही इतना बड़ा हुजूम और डॉ.गोविन्द सिंह जी के लिए जनता का इतना प्रेम देखकर मन मे बहुत प्रसन्नता हुई,जैसा कि आप लोगो की स्टेडियम की इच्छा है मैं भरोसा दिलाता हूं कि लहार विधायक डॉ.गोविन्द सिंह ने आप सभी से जो वादा किया है वह टूटेगा नही।वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उदय प्रताप सिंह सेंगर ने कहा कि लगातार 15 वर्षो से यह आयोजन दबोह में चल रहा है जिसके लिए मैं समिति को बधाई देता हूं साथ ही उन्होंने कहा कि डॉक्टर साहब आप सभी की बात को ध्यान में रखे हुए है जल्द ही दबोह को सौगात मिलेगी।

**कानपुर व देल्ही के बीच खेला गया फाइनल**-वहीं क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच कानपुर व एलबीएस देल्ही के बीच खेला गया।जिसमे कानपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।कानपुर ने बैटिंग करते हुए निर्धारित 25 ओवरों में 183 रन बनाये व 184 का लक्ष्य दिल्ली के समक्ष रखा।जबाब में मैदान में उतरी एलबीएस देल्ही 132 रन बनाकर 24.3 ओवर में ही धराशायी हो गयी और कानपुर ने 19 रनों से यह मैच जीत लिया।जिसमे कानपुर की ओर से मोहम्मद शारिम ने बेहतरीन बॉलिंग का प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिये जिसके परिणाम स्वरूप मोहम्मद शारिम मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज रहे।अंत मे मैन ऑफ द मैच,मैन ऑफ द सीरिज,विजेता व उपविजेता का पुरुस्कार डॉ.गोविंद सिंह,मेवाराम जाटव व राजाबाबू सेंगर के द्वारा प्रदान किया गया।जिसमे उपविजेता टीम के कप्तान को 81,000 रुपये नगद व ट्रॉफी प्रदान की गयी वही विजेता टीम को 1,51,000 रुपये नगद व ट्रॉफी प्रदान की गयी साथ ही कानपुर के खिलाड़ी मोहम्मद शारिम को मैन ऑफ द सीरीज में 11,000 रुपये नगद ट्रॉफी प्रदान की गयी मैच का आँखों देखा हाल रजनीश पालीवाल सर,रामनारायण सर,श्यामू राजोरिया,रामू श्रीवास्तव एवं जीएस कौरव द्वारा सुनाया गया इस मौके पर लाखो दर्शको ने मैच का आनंद लिया कार्यक्रम में आयोजन समिति के सचिव चौधरी हाकिम सिंह संरक्षक नाजिम खान,सहसचिव दबोह नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष रूपनारायण खटीक,पूर्व पार्षद सनाउल्ला खान,स्कोरर ईमरान सर,नीरज यादव,पबन कुशबाह ,दिलीप सोनी,हिमांशु मुदगल मौजूद रहे।इस अवसर पर मुजीव खान,दिलीप नायक,पंकज शर्मा,विनय बिलैया ,सुनील पाल,राकेश रजक,मुबीन खान आदि लोग मौजूद रहे।

## विधायक मेवाराम जाटव पहुंचे शोक संवेदना व्यक्त करने



**गोहद।** विधायक मेवाराम जाटव गोहद क्षेत्र के 84 के क्षेत्र (बेल्ट) में ग्राम नोनेरा के रामप्रकाश जाटव के यहां, रायतपुरा (स्टेशन का पुरा) के कदम सिंह शिक्षक, भदौरियन के पुरा के रघुवीर सिंह भदौरिया, गोहद वार्ड नं 17 सुमेर कॉलोनी के राहुल खरे, निगम कॉलोनी गोहद चौराहा के लक्ष्मण सिंह, इसी प्रकार मौ बेल्ट के ग्राम बगथरा के राम अवतार चरोरे, ग्राम चितौरा के गब्बरसिंह, ग्राम सिद्ध पुरा के अजमेर सिंह, ग्राम चमेड़ी के अनिल प्रजापति, ग्राम पिपाड़ा के राम लखन पवैया, ग्राम असुयी के भोगीराम बघेल आदि के यहां व उनके परिजनों के यहां विधायक मेवाराम जाटव ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उनके साथ श्री रामहेत जाटव, प्रदीप त्रिवेदिया, रवि कुशवाह, केदार कौशल, नरोत्तम चौरसिया, काजी लालुद्दीन, घनश्याम, प्रेमसिंह नरवरिया, राघवेंद्र राजौरिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।।

# क्रिकेट टूर्नामेन्ट का हुआ समापन



**मऊरानीपुर (झाँसी)** तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पठा में स्व. रामराजा सिंह जूदेव की पुण्य स्मृति में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेन्ट का समापन किया गया। जिसके समापनकर्त्ता के रुप में भूपेन्द्र सिंह परमार रहे। जिनका समिति के लोगों ने माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इसी क्रम में फाईनल मुकाबला बसरिया और बरुआमाफके बीच खेला गया। जिसमें बरुआमाफकी टीम ने निर्धारित ओवर 20 में 104 रन बनाये। फिर मुकाबला कर रही बसरिया टीम ने 13 ओवर में 105 रन बनाकर विजेता का खिताब अपने कब्जे में किया। इसी के चलते समापनकर्त्ता के रुप में रहे भूपेन्द्र सिंह परमार ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाडियों को शील्ड कप एवं पुरुस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन बढाते हुये उनको सम्मानित किया गया। इस मौके पर समापनकर्त्ता के रुप में रहे भूपेन्द्र सिंह परमार ने अपने सम्बोधन में बताया कि क्रिकेट का खेल वर्तमान समय का लोकप्रिय खेल आज के युवा पीढी का देखा जा रहा है। क्रिकेट के खेल में युवा पीढी बढचढकर हिस्सा बन रही है। और टूर्नामेन्टों में बढचढकर भाग ले रही है। इसी के साथ उन्होनें समिति एवं समस्त खिलाडियों की काफी सराहना की । इस मौके पर अनुराग सिंह, सुरेन्द्र रावत, हल्के राजा, गब्बू कुशवाहा, श्रीराम बुन्देला, दिग्गी राजा, गिन्नी राजा, रविन्द्र बुन्देला आदि लोग उपस्थित रहे।

## कम्बल वितरण करती मीना आर्य

### काँग्रेस नेत्री मीना आर्य ने किये कम्बल वितरण

**मऊरानीपुर (झाँसी)** सर्दी की लहरों को देखते हुये जहाँ गरीब, असहांय लोग सर्दी बचाने को मोहताज देखे जा रहे है। तो वही राजनैतिक पार्टियाँ भी आगे आकर अपने हाथ सहयोग के रुप में बढा रही है। इसी क्रम में काँग्रेस नेत्री मीना आर्य ने तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले टोडीफतेहपुर क्षेत्र में गरीब, असहांय , विकलांग लोगों को कम्बल का वितरण किया गया। जिससे इस प्रकार के व्यक्तियों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। जो अभी सर्दी में थिथुर रहे थे कम्बल पाकर उनके चेहरे खिल उठे। और उन्होनें काँग्रेस नेत्री को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। वही काँग्रेस नेत्री मीना आर्य ने बताया कि गरीब, असहांय और विकलांगों की सेवा हमारी मुख्य सेवा है। इनके आशीर्वाद की मै आँकाक्षा रखती हूँ और आजीवन रखूँगी। इस मौके पर जलालउद्दीन निजामी पूर्व नगर अध्यक्ष काँग्रेस कमेटी, इस्माईल खाँ एड., ब्रहमदत्त सोनी, ताहिर, सतीश श्रीवास्तव आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।



## विभिन्न सडक दुर्घटना में चार घायल

मऊरानीपुर (झाँसी) विभिन्न सडक दुर्घटनाओं में चार व्यक्ति घायल हो गये । प्राप्त विवरण में चन्द्रभान (36) पुत्र धर्मदास निवासी भदरवारा, देवी (35) पुत्र रामोली निवासी बुढाई, गजराज (32) पुत्र ज्ञानीदयाल निवासी बुढाई, रमेश सेन (65) पुत्र शालू निवासी मेढकी को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। चन्द्रभान को छोडकर शेष सभी की हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

## व्यक्ति ने विषाक्त पदार्थ पिया

मऊरानीपुर (झाँसी) व्यक्ति ने विषाक्त पदार्थ पी लिया। प्राप्त विवरण में अजय (27) पुत्र फूलचन्द्र निवासी पठा को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

## दो व्यक्तियों ने किया जहर का सेवन

मऊरानीपुर (झाँसी) अज्ञात कारणों के चलते दो व्यक्तियों ने जहर का सेवन कर लिया। प्राप्त विवरण में घनेन्द्र (28) पुत्र रामसेवक निवासी भटपुरा ,परी (20) पत्नी भागचन्द्र निवासी धवाकर को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। दोनों की हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गये।

## वाहन स्वामियों को बकाया कर के भुगतान में 31 मार्च तक मिलेगी छूट

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश शासन परिवहन विभाग की अधिसूचना द्वारा मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 की धारा 21 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार द्वारा मोटरयानकर तथा शास्ति के शोध्यों के भुगतान पर छूट दी गई है। यह योजना 31 मार्च 2021 तक ही लागू है। पंजीकृत ऐसे यात्री एवं भारवाही वाहनों के वाहनस्वामियों से अनुरोध किया गया है कि जिनके वाहनों पर मोटरयानकर एवं शास्ति की राशि बकाया है, तथा वह उपरोक्त अधिसूचना अनुसार पात्र है, वह इस योजना का लाभ अधिक से अधिक संख्या में प्राप्त कर सकते है।

## न्यूज. ब्रीफ

### लायन ने बेल्स के साथ की छेड़छाड़, 'काला जादू' करने के लिए बैन करने की उठी मांग

ब्रिस्बेन। मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और आखिरी टेस्ट मैच की पहली पारी में 186 रन पर 6 विकेट गिरने के बाद शार्दुल ठाकुर और वाशिंगटन सुंदर भारतीय पारी को संभालने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों ने एक अच्छी साझेदारी की और इस साझेदारी को बड़ी बनाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। वहीं ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज इस जोड़ी को तोड़ने के लिए लगातार रणनीति बनाते नजर आए। इस रणनीति में गेंदबाज नाथन लायन बेल्स के साथ छेड़छाड़ करते हुए भी नजर आए। जिसके बाद उन्हें बैन करने की मांग उठी। दरअसल जब भारतीय पारी 6 विकेट पर 219 रन पर थी और ठाकुर 14 और सुंदर 24 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे, उस समय लायन ने बेल्स की जगह में अदला बदली कर दी। बेल्स की जगहों में अदला बदली लायन का टोटका माना जा रहा है। जैसे ही लायन का यह वीडियो वायरल हुआ। फैंस ने उन्हें बैन करने की मांग की। एक यूजर ने कमेंट करके कहा कि काला जादू अवैध है। इसके लिए लायन को बैन किया जाना चाहिए। वहीं एक फैन ने कहा कि लायन को ऐसा करने के लिए स्टीव स्मिथ ने कहा था। दोनों पर लाइफ बैन लगे।

### पिता के अंतिम संस्कार के समय खुद को संभाल नहीं पाए हार्दिक और क्रुणाल पंड्या

नई दिल्ली। टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और क्रुणाल पंड्या के पिता के निधन से पूरा क्रिकेट जगत दुखी है। शनिवार को हार्दिक और क्रुणाल के पिता हिमांशु पंड्या ने वडोदरा में आखिरी सांस ली, उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। दोनों क्रिकेटर्स ने अपने पिता को आखिरी विदाई दी। दोनों ने शनिवार को वडोदरा में साथ में अपने पिता का अंतिम संस्कार किया। पिता को इस तरह देखकर हार्दिक पंड्या खुद को संभाल नहीं पाए। वह बुरी तरह से टूट गए। पिता के निधन के बाद क्रुणाल पंड्या बड़ौदा टीम के बायो बबल से बाहर निकल गए। क्रुणाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा का नेतृत्व कर रहे थे। हार्दिक टूर्नामेंट नहीं खेल रहे थे।

### राजेश के दोहरे प्रदर्शन से जागरण ने नवदुनिया को पांच विकेट से हराया

भोपाल। राजेश (सनी) 51 रन और एक विकेट के दोहरे




प्रदर्शन की मदद से दैनिक जागरण ने नवदुनिया को पांच रनों से हराकर 26वें आईईएस यूनिवर्सिटी-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट रोमांचक जीत दर्ज की है। ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में रविवार को दैनिक जागरण के कप्तान मृगेंद्र सिंह ने टास जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जागरण ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में नवदुनिया की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 150 रन बना सकी। उन्हें डा. सुशील सिंह ठाकुर ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार जगदीश द्विवेदी उपस्थित थे।

---

सुंदर ने हासिल की खास उपलब्धि, ऑस्ट्रेलिया में 7वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए बनाया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर

# सुंदर-शार्दुल ने कराई भारत की वापसी

ब्रिस्बेन ■ एजेंसी

भारत का स्कोर एक समय छह विकेट पर 186 रन था और वह ऑस्ट्रेलिया से 183 रन पीछे था। ठाकुर (67) और सुंदर (62) ने यहीं से जिम्मेदारी संभाली और सातवें विकेट के लिये 123 रन की साझेदारी की जो वर्तमान सीरीज में दोनों टीम की तरफ से किसी भी विकेट के लिए दूसरी बड़ी साझेदारी है। ब्रिस्बेन टेस्ट के तीसरे दिन वॉशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई पेस अटैक की धज्जियां उड़ाते हुए भारत को मैच में वापस ला दिया।




186 के स्कोर पर 6 विकेट गिरने के बाद इन दोनों ही बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को आड़े हाथों लिया और खुलकर शॉट्स लगाए। वॉशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर ने मिलकर सातवें विकेट के लिए 123 रनों की पार्टनरशिप कर दी। ऑस्ट्रेलिया के 369 रन के जवाब में टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों की नाकामी के कारण बैकफुट पर खड़ा भारत आखिर में अपनी पहली पारी में 336 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी बिना किसी नुकसान के 21 रन बनाये थे और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 54 रन की हो गई है। स्टंप उखड़ने के समय डेविड वॉर्नर 20 और मार्कस हैरिस एक रन पर खेल रहे थे। भारत का स्कोर एक समय छह विकेट पर 186 रन था और वह ऑस्ट्रेलिया से 183 रन पीछे था। ठाकुर (67) और सुंदर (62) ने यहीं से जिम्मेदारी संभाली और सातवें विकेट के लिये 123 रन की साझेदारी की जो वर्तमान सीरीज में दोनों टीम की तरफ से किसी भी विकेट के लिए दूसरी बड़ी साझेदारी है। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जोश हेजलवुड ने 57 रन देकर पांच विकेट लिए। मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस ने दो-दो विकेट हासिल किए। भारत ने सुबह चेतेश्वर पुजारा (25) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (37), मयंक अग्रवाल (38) और ऋषभ पंत (23) के विकेट गंवाए। ये चारों बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाए, जिसकी भारत को सख्त जरूरत थी। सुंदर और ठाकुर ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया की बड़ी बढ़त हासिल करने की उम्मीदों पर पानी फेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सुंदर ने शॉर्ट पिच गेंदों का अच्छी तरह सामना करके अपनी तकनीक से प्रभावित किया। ठाकुर भी ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों के सामने किसी तरह से दबाव में नहीं दिखे। ऑस्ट्रेलिया ने 80 ओवर पूरे होते ही नई गेंद ली, लेकिन इन दोनों पर उसका भी प्रभाव नहीं पड़ा। उन्होंने नई गेंद से 22 ओवर तक ऑस्ट्रेलिया को सफलता से दूर रखा। बाएं हाथ की उंगली में चोट के बावजूद ठाकुर का स्टार्क पर लगाया गया ड्राइव दर्शनीय था। उन्होंने अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे लियोन पर लॉन्ग ऑन पर छक्का जड़कर अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर में सुंदर के खूबसूरत चौके से साझेदारी तिहरे अंक में पहुंची। सुंदर भी अगले ओवर में अर्धशतक पूरा करने में सफल रहे। यह साझेदारी तोड़ने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपना पूरा दमखम लगाया और लगातार शॉर्ट पिच गेंदें की।

आखिर में कमिंस की बेहतरीन गुडलेंथ गेंद ठाकुर को भेदकर विकेटों में समा गई। ठाकुर ने अपनी पारी में 115 गेंदें खेली तथा नौ चौके और दो छक्के लगाए। सुंदर के लिए तेज गेंदबाजों ने लगातार शॉर्ट पिच गेंदे की। ऐसी कुछ गेंदों को उन्होंने अपने शरीर पर झेला, लेकिन आखिर में स्टार्क की शॉर्ट पिच गेंद गली में कैमरन ग्रीन की तरफ उछाल गई जिन्होंने उसे बड़ी खूबसूरती से कैच में बदला। दसवें नंबर के बल्लेबाज मोहम्मद सिराज ने भी 13 रन का योगदान दिया।

### पहले भी शार्दुल ठाकुर छह गेंद पर छह छक्के भी जड़ चुके हैं

शार्दुल ठाकुर न सिर्फ एक बेहतरीन गेंदबाज है, बल्कि एक अच्छे हिटर भी हैं। जी हां, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन में खेले जा रहे चौथे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल वाशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर के नाम रहा। इन दोनों खिलाड़ियों ने टीम इंडिया को मुश्किल से निकाला। दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 123 रन की शतकीय साझेदारी की। शार्दुल ने 115 गेंदों में नौ चौके और दो छक्के की मदद से 67 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकी सुंदर 62 रन बनाए। बल्लेबाजी के अलावा गेंदबाजी में भी इन दोनों खिलाड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन किया। दोनों ने तीन-तीन विकेट चटकाए। बता दें कि शार्दुल के नाम बल्लेबाजी का एक शानदार रिकॉर्ड भी दर्ज है, जो उन्होंने महज 15 साल की उम्र में बनाया था। उस वक्त शार्दुल कक्षा 10 में पढ़ाई कर रहे थे। मुंबई के स्वामी विवेकानंद स्कूल और आर। राधाकृष्णन स्कूल के बीच साल 2006 में खेले गए एक मुकाबले में शार्दुल ठाकुर ने 6 गेंदों पर 6 छक्के जड़े थे। इस मैच में शार्दुल ने 73 गेंदों पर 160 रन बनाए थे, जिसमें 10 छक्के और 20 चौके शामिल थे। बता दें कि भारतीय क्रिकेटर्स में पहले ऐसा सिर्फ ऑलराउंडर युवराज सिंह और टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर रवि शास्त्री ही कर पाए हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हर्षल गिब्स भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में छह गेंदों पर छह छक्के लगा चुके हैं। भारत की तरफ से तीन साल बाद अपना दूसरा टेस्ट मैच खेल रहे शार्दुल ठाकुर ने इस बार मौके का भरपूर फायदा उठाया। रविंद्र जडेजा के चोटिल होने के बाद चौथे टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में शामिल किए गए शार्दुल ने पहले गेंदबाजी और फिर बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया। शार्दुल ने पहली पारी में जहां तीन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को आउट किया तो वहीं बल्लेबाजी में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जड़ दिया। यही नहीं वे पहली पारी में भारत की तरफ से सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी भी रहे। ऋषभ पंत के आउट होने के बाद शार्दुल तब बल्लेबाजी के लिए पहुंचे जब भारत का स्कोर छह विकेट के नुकसान पर 186 रन था। इसके बाद उन्होंने मुश्किल में नजर आ रही टीम इंडिया को ना सिर्फ उबारा बल्कि वाशिंगटन सुंदर के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 123 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की और भारत की मैच में वापसी कराने में सफल रहे। शार्दुल ने अपनी पारी के दौरान ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाजों की जमकर क्लास लगाई, उन्होंने एक से बढ़कर एक शॉट लगाए।

## वीरेन्द्र सहवाग ने टीम इंडिया को बताया दबंग, विराट कोहली ने किया ये मजेदार ट्वीट

ब्रिस्बेन टेस्ट के तीसरे दिन शार्दुल ठाकुर और वॉशिंगटन सुंदर हीरो बनकर उभरे हैं। एक समय भारत के 186 रन पर 6 विकेट गिर गए थे। तब ऐसा लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया को बड़ी बढ़त मिल जाएगी। लेकिन शार्दुल ठाकुर और वॉशिंगटन सुंदर ने 7वें विकेट के लिए रिकॉर्ड 123 रनों की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर



पानी फेर दिया। सुंदर और शार्दुल ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी चौथे और निर्णायक टेस्ट मैच के तीसरे दिन अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली भारतीय टीम की जमकर तारीफ की है। वीरेंद्र सहवाग ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'भारतीय टीम के साहस को अगर एक शब्द में बयां करें तो एक ही शब्द आता है, दबंग, बेहद साहसी और बहादुर। अति सुंदर ठाकुर।' सहवाग ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'दोनों के लिए गाबा ढाबा से कम नहीं। सुंदर और ठाकुर का गजब का प्रदर्शन।' बता दें कि ब्रिस्बेन टेस्ट के तीसरे दिन शार्दुल ठाकुर और वॉशिंगटन सुंदर हीरो बनकर उभरे हैं। एक समय भारत के 186 रन पर 6 विकेट गिर गए थे। तब ऐसा लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया को बड़ी बढ़त मिल जाएगी। लेकिन शार्दुल ठाकुर और वॉशिंगटन सुंदर ने 7वें विकेट के लिए रिकॉर्ड 123 रनों की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सुंदर और शार्दुल ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए। शार्दुल ठाकुर ने 67 जबकि सदुंर ने 62 रनों की शानदार पारी खेली। उनकी इस साझेदारी के दम पर भारत मैच में बना हुआ है। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 336 रन का स्कोर बनाया। भारत ने आस्ट्रेलिया को उसकी पहली पारी में 369 रनों पर समेट दिया था। इस लिहाज से भारत 33 रन पीछे रह गया। भारत कप्तान विराट कोहली ने मजेदार ट्वीट कर लिखा- सुंदर और शार्दुल ने धैर्य और आत्मविश्वासके साथ गजब की बल्लेबाजी की। यही टेस्ट क्रिकेट है। सुंदर आपने बेहतरीन कम्पोजर दिखाया। तुला परत मानला रे ठाकुर (तुझे हम मान गये ठाकुर)। पूर्व



भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने भी दोनों युवा बल्लेबाजों की तारीफ करते हुए कहा, टेस्ट में पहली बार अर्धशतक जमाने के लिए सुंदर और ठाकुर को बधाई। आपकी तकनीक शानदार। साथ ही युवा गेंदबाजों के लिए एक उदाहरण है कि आपको गेंद के साथ साथ बल्ले से भी योगदान देना चाहिए।

---

# मर्सिडीज-बेंज, ऑडी जैसी लक्जरी कार कंपनियां केन्द्र सरकार से बजट में करेंगी कटौती की मांग

नई दिल्ली ■ एजेंसी

दुनिया की बेहतरीन लक्जरी कार कंपनियों में शुमार मर्सिडीज-बेंज, ऑडी और लैम्बोर्गिनी को सरकार से आगामी आम बजट में वाहनों पर करों में कटौती की उम्मीद है। इन कंपनियों का कहना है कि ऊंचे कराधान की वजह से प्रीमियम कारों का बाजार आगे नहीं बढ़ पा रहा है। कोरोना वायरस महामारी से भी वाहनों का यह खंड बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इन कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि लक्जरी कारों पर यदि करों में बढ़ोतरी होती है, तो इससे मांग प्रभावित होगी और यह क्षेत्र पिछले साल शुरू हुई अड़चनों से उबर नहीं पाएगा। मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मार्टिन श्वेंक ने कहा, कोई भी ऐसी चीज जिससे क्षेत्र की मांग प्रभावित होती हो, उससे हमें बचना चाहिए, क्योंकि अंत में इससे समस्या पैदा होगी। उनसे पूछा गया




था कि कंपनी आगामी बजट में करों के मोर्चे पर सरकार से क्या उम्मीद कर रही है। वाहनों पर कर कटौती की मांग करते हुए श्वेंक ने कहा, इस क्षेत्र पर कर की दर पहले ही काफी ऊंची है। आयात शुल्क से लेकर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) तक, लक्जरी कारों पर उपकर 22 प्रतिशत तक है। मेरा मानना है कि हमारा लक्ष्य क्षेत्र की वृद्धि को समर्थन देना और कर घटाने का होना चाहिए। हमें इसका रास्ता ढूंढना चाहिए। इसी तरह की राय जताते हुए ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि लक्जरी कार बाजार अभी कोविड-19 की वजह से पैदा हुई अड़चनों से उबर रहा है। आगे क्षेत्र के लिए काफी चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा, एक चुनौती निश्चित रूप से लक्जरी कारों पर ऊंचे कराधान की है। यह एक चुनौती है कि क्योंकि इसकी वजह से देश का लक्जरी कार बाजार कुल वाहन बाजार के एक प्रतिशत पर बना हुआ है।

### रेलवे ने अब कारों का निर्यात शुरू किया

ऑटोमोबाइल कंपनियों को बूस्ट देते हुए रेलवे ने अब कारों का निर्यात करना भी शुरू कर दिया है। रेलवे के जरिए भारत से नेपाल को कारें निर्यात की जा रही हैं। रेलवे ने इसे लेकर एक ट्वीट किया है और कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं, जिसमें कारें रेलवे कंटेनर में चढ़ाई जाती दिख रही हैं। ट्वीट में रेलवे ने लिखा है कि भारतीय रेलवे ने तमिलनाडु के वालाजाबाद से लेकर यूपी के नौतनवा तक से 125 कारें लोड की हैं, जिनका नेपाल तक ट्रांसोपोर्टेशन किया जाएगा। हुंडई के अनुसार रेलवे के जरिए कारों का निर्यात करने से एक तो समय कम लगेगा, दूसरा ये तरीका ईको फ्रेंडली है, क्योंकि इससे प्रदूषण नहीं होगा। दरअसल, सड़क के जरिए ट्रकों से कार भेजनी पड़तीं, जिसके चलते प्रदूषण होता, लेकिन रेलवे की अधिकतर ट्रेनें बिजली से चलती हैं, जिससे प्रदूषण नहीं होता है। हुंडई का दावा है कि रेलवे से कारें निर्यात करने पर करीब 20,260 टन कार्बन फूटप्रिंट कम होगा। गौरतलब है कि हुंडई मौजूदा समय में घरेलू बाजार में लगभग 14 प्रतिशत कारों को रेलवे के जरिए ही ट्रांसपोर्ट करती है। वहीं पानी जहाज के जरिए भी कारों को बाहर भेजा जाता है। भारत से सबसे अधिक कारें हुंडई ही निर्यात करती है। हुंडई की कारें भारत के करीब 88 देशों में निर्यात की जाती हैं। हुंडई ने कुछ महीने पहले ही नई आई20 लॉन्च की है, जिसका निर्यात किया जा रहा है। कंपनी ने पहले बैच में 180 कारों को दक्षिण अफ्रीका, चिली और पेरू के लिए भेज दिया है। हुंडई 2007 से ही भारत से कारों का निर्यात कर रही है। मौजूदा समय में हुंडई सैंट्रो, ग्रैंड आई10, ग्रैंड आई10 निओस, एक्सेंट, औरा, न्यू आई20, आई20 एक्टिव, वरना, वेन्यू और क्रेटा जैसे मॉडल निर्यात करती है।

# बैडमिंटन खिलाड़ी कैरोलिना ने जीता थाईलैंड ओपन का खिताब



नई दिल्ली। स्पेन की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी कैरोलिना मारिन ने रविवार को थाईलैंड ओपन का खिताब अपने नाम किया। महिलाओं के एकल वर्ग के फाइनल में कैरोलिना ने तैवान के खिलाड़ी ताइ जू यिंग को 21-9, 21-16 से हराया। बता दें कि महिला एकल के सेमीफाइनल में ताइ ने डेनमार्क की मिया बिश्फेल्डट को 21-8, 23-21 से हराकर फाइनल तक का सफर तय किया था। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में ओलंपिक चैंपियन मारिन ने सातवीं सीड दक्षिण कोरिया की आन से यूंग को 21-18, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई थी। उधर, चौथी सीड डेनमार्क के विक्टर एक्सेल्सन और सातवीं सीड हांगकांग के एंगुस लोंग के बीच थाईलैंड ओपन में पुरुष एकल का फाइनल खेला जाएगा।

# आईपीएल ऑक्शन की तारीख!

नई दिल्ली ■ एजेंसी

साल 2021 शुरू होते ही आईपीएल 2021 की तैयारियां भी तेजी से शुरू हो गई हैं। बीसीसीआई भी तेजी के साथ इसकी तैयारियों में जुटा हुआ है। इस बार आईपीएल के लिए मेगा ऑक्शन नहीं होगा। लेकिन जल्दी ही मिनी ऑक्शन होता हुआ नजर आ सकता है। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक ये साफ नहीं किया है कि आईपीएल 2021 का ऑक्शन कब होगा, लेकिन माना जा रहा है कि फरवरी के दूसरे हफ्ते में ऑक्शन हो सकता है। इस बीच बीसीसीआई ने ऑक्शन के लिए कुछ नियम कानून भी बनाए हैं। बीसीसीआई ने कहा है कि आईपीएल 2021 सीजन के लिए होने वाली नीलामी में अगर कोई खिलाड़ी व्यक्तिगत रूप से शामिल होना चाहता है तो वह सीधे राज्य संघों से बात करेगी और इसके लिए किसी भी हाल में खिलाड़ी के एजेंट से बात नहीं की जाएगी। बीसीसीआई



ने कहा है कि फ्रेंचाइजी जिन खिलाड़ियों की रिटेन कर रही हैं, उनकी सूची 20 जनवरी तक हर हाल में जारी कर देनी होगी। जिन खिलाड़ियों के साथ कोई करार नहीं है, वे आईपीएल 2021 प्लेअर एग्रीमेंट के साथ चार फरवरी तक अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। इस बीच माना जा रहा है कि आईपीएल की नीलामी 16 फरवरी को हो सकती है। नीलामी यानी ऑक्शन कहां होगा, ये अभी साफ नहीं है, लेकिन बताया जा रहा है कि ऑक्शन दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे से ऑक्शन शुरू हो जाएगा और स्टार स्पोर्ट्स पर इसे लाइव देखा भी जा सकेगा। वहीं आईपीएल 2021 कहां होगा और कब से शुरू होगा, इसके लिए भी अभी इंतजार किया जा रहा है। हालांकि बीसीसीआई की ओर से इस बारे में तस्वीर साफ करने का इंतजार किया जा रहा है। इसके साथ ही ऑक्शन को लेकर राज्य संघों से कहा गया है कि अगर वे किसी खिलाड़ी को नीलामी में शामिल करना चाहते हैं तो वे उनका नाम सारी औपचारिकताओं के साथ भेजें। बीसीसीआई ने नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक यू-19 खिलाड़ियों के लिए भी कुछ शर्तें तय की हैं। ऐसे सभी खिलाड़ियों का राज्य संघों के साथ पंजीकरण होना चाहिए और खिलाड़ी कम से कम एक प्रथम श्रेणी या फिर लिस्ट ए मैच खेला हुआ होना चाहिए।

दावा — 14,000 करोड़ रुपए का वितरण किया

# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने दिसंबर तक 56.79 लाख कोरोना अग्रिम दावे को निपटाया

नई दिल्ली ■ एजेंसी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 31 दिसंबर, 2020 तक कोविड-19 से संबंधित 56.79 लाख अग्रिम के दावों का निपटान कर 14,310 करोड़ रुपए का वितरण किया है। ईपीएफओ के अंशधारकों को यह अग्रिम लौटाने की जरूरत नहीं होगी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि कोविड-19 महामारी से देश के संगठित क्षेत्र के कार्यबल पर कितना असर पड़ा है। कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के लिए मार्च में देशव्यापी लॉकडाउन लगाया गया था। उस समय केंद्र सरकार ने ईपीएफओ के छह करोड़ से अधिक अंशधारकों को अपने खातों से तीन माह के मूल वेतन और महंगाई भत्ते के बराबर राशि निकालने की अनुमति दी थी। जानकारी के मुता?बिक ईपीएफओ ने 31 दिसंबर, 2020




तक 56.79 लाख निकासी दावों का निपटान कर 14,310 करोड़ रुपए का वितरण किया है। ईपीएफओ ने 31 दिसंबर, 2020 तक अंतिम निपटान, मृत्यु, बीमा और अग्रिम के 197.91 लाख दावों का निपटान कर 73,288 करोड़ रुपए का वितरण किया है। इस अवधि में वितरित की गई कुल राशि में से करीब 20 प्रतिशत कोविड-19 अग्रिम से संबंधित है। कोविड-19 अग्रिम दावों से पता चलता है कि इस महामारी से देश का संगठित क्षेत्र का कार्यबल बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस दौरान बड़े पैमाने पर लोगों ने रोजगार गंवाया है। बड़ी संख्या में लोगों के वेतन में कटौती हुई तथा जबरिया पलायन भी हुआ है। केंद्र ने महामारी की वजह से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 26 मार्च को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई) शुरू की थी। इसके अलावा सरकार ने ईपीएफ योजना से निकासी की सुविधा भी प्रदान की थी। सूत्रों ने बताया कि इस अवधि के दौरान निजी ईपीएफ न्यासों ने 4.19 लाख कोविड-19 अग्रिम दावों का निपटान कर 3,983 करोड़ रुपए का वितरण किया है।

## एक नजर...

### बाड़ा क्षेत्र में कचरा उठाने वाली गाड़ी आने से पहले, गाड़ी आने का आएगा एसएमएस

### स्मार्ट सिटी सीईओ, श्रीमती जयति सिंह के साथ बैठक आयोजित



ग्वालियर, । बाड़ा क्षेत्र के व्यवसाईयों के साथ आज एक बैठक का आयोजन स्मार्ट सिटी, सीईओ-श्रीमती जयति सिंह के सानिध्य में स्मार्ट सिटी के कार्यालय में आयोजित की गई । बैठक में नगर-निगम, अतिरिक्त आयुक्त-श्री मुकुल गुप्ता, एमपीसीसीआई, अध्यक्ष-विजय गोयल एवं मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल उपस्थित थे ।बैठक में बाड़ा क्षेत्र के व्यवसाईयों ने बाड़ा क्षेत्र में स्थापित प्रसाधन स्थलों (जन सुविधा केन्द्रों) की अत्यन्त ही दयनीय स्थिति के संबंध में सीईओ का ध्यान आकर्षित किया ।बैठक में सीईओ-श्रीमती जयति सिंह ने बाड़ा क्षेत्र के व्यवसाईयों को अवगत कराया कि शीघ्र ही बाड़ा क्षेत्र में कचरा लेने आने वाली गाड़ी की पूर्व सूचना व्यवसाईयों को एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी । इसके लिए हम व्यवसाईयों के मोबाइल नं. एकत्रित कर, सिस्टम में डालेंगे । साथ ही, आपने कहाकि रात्रि में 08 से 10 बजे के मध्य कचरा गाड़ी एक राउण्ड अतिरिक्त उक्त क्षेत्र में लगाएगी, जिसकी सूचना भी एसएमएस के माध्यम से व्यवसाईयों को पूर्व में दी जाएगी । बैठक में सीईओ ने बाड़ा क्षेत्र के व्यवसाईयों से कहाकि वह दुकान का कचरा डस्टविन में ही डाले और सफाई के पश?चात् निकलने वाली धूल को भी सड़क अथवा नाली में न डालें, अपितु उसे एकत्रित कर, डस्टविन में ही एकत्रित करें और कचरा गाड़ी आने पर उसमें उसे डालें । साथ ही, आपने व्यवसाईयों से कहाकि वह अपनी दुकानों के बोर्ड एक साइज एवं एक ही कलर में हो, यह सुनिश?चित कर, सहयोग करें । आपने प्रसाधन स्थलों में गंदगी की समस्या के संबंध में कहाकि इस समस्या का वह स्वयं निरीक्षण करेंगी और व्यवस्था में व्यापक सुधार किए जाएँगे । साथ ही, आपने पार्किंग की समस्या के संबंध में व्यवसाईयों से कहाकि वह ऐसे स्थलों का चयन कर, अवगत कराएँ, जहाँ पर पार्किंग का निर्माण किया जा सकता है ।बैठक में एमपीसीसीआई के अध्यक्ष-विजय गोयल ने कहाकि जब तक बाड़ा क्षेत्र में पार्किंग का अभाव रहेगा, तब तक बाड़ा क्षेत्र के यातायात को सुगम नहीं किया जा सकता है ।मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने बैठक में सीईओ-श्रीमती जयति सिंह से कहाकि आप शीघ्र ही स्मार्ट सिटी की एक बैठक 'चेम्बर भवन' में आयोजित करें, जिसमें हमारे द्वारा बाड़ा क्षेत्र सहित अन्य संबंधित क्षेत्रों के व्यवसाईयों को शामिल करके, जो भी उनकी समस्याएँ अथवा सुझाव हैं, उनसे आपको रूबरू होने का अवसर मिलेगा ।बैठक में नजरबाग मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष-श्री सुरेश बंसल, टोपी बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष-श्री संदीप वैश्य, सराफा बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष-श्री पुरुषोत्तम जैन, सुभाष मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष-श्री गोपाल छाबड़ा, न्यू सुभाष मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष-श्री श्याम रोहिरा सहित काफी संख्या में व्यवसाईगण उपस्थित थे ।

## महापंचायत में शामिल होगें हजारों कॉग्रेस कार्यकर्ता :डॉ. सिकरवार

**ग्वालियर।** प्रदेष के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेष कॉग्रेस अध्यक्ष श्री कमलनाथ के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर 20 जनवरी को मुरैना में किसानों की होने वाली महापंचायत में ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में किसान और कॉग्रेस कार्यकर्ता विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार की अगुवाई में मुरैना कूच करेंगे। महापंचायत की तैयारियों को लेकर आज ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पर कॉग्रेसजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर अपने विचार और सुझाव रखे। डॉ. सिकरवार ने बताया कि 20 जनवरी को प्रातः 9 बजे 100 से अधिक चार पहिया वाहन कटोराताल पर एकत्रित होगें, वाहनों पर स्टीकर और झण्डे लगाये जायेंगे। इन वाहनों से हजारों कार्यकर्ता मुरैना रैली में षामिल होने के लिये कूच करेंगे।

विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि देष का किसान विभिन्न समस्याओं और केन्द्र सरकार द्वारा पास किये गये तीन कृशि बिल जो किसान विरोधी हैं, से परेषान है। डॉ. सिकरवार ने कहा कि कॉग्रेस पार्टी हमेषा कॉग्रेस हितों की रक्षा के लिये लडती रही है और



आगे भी लडती रहेगी। उन्होने कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि मुरैना में होने वाली महापंचायत में हजारों की संख्या में पहुँचकर उन किसानों का समर्थन करें, जो दिल्ली की सरहद के आस-पास धरना व आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बेहद निराषाजनक है कि लम्बे समय से आंदोलनरत किसानों की समस्याओं के समाधान के लिये केन्द्र सरकार का रवैया सकारात्मक न होकर नकारात्मक बना हुआ है। इसी कारण अब तक किसानों की समस्याओं को समाधान नहीं निकला है। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि किसानों के समर्थन के लिये कॉग्रेस नेतृत्व अगर दिल्ली कूच का ऐलान करेगा तो हजारों किसान व कॉग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली जाकर अपनी भागीदारी निभाएंगे। बैठक में मौजूद कॉग्रेसजनों ने हजारों की संख्या में मुरैना महापंचायत में षामिल होने का संकल्प व्यक्त किया। विधायक डॉ. सिकरवार दो दिन लगातार मुरैना प्रवास पर रहेंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में सघ्न जनसम्पर्क कर रैली में 100 से अधिक टेक्टरों के साथ रैली में आयेंगे।



## माधव प्लाजा के हितग्राहियों की समस्याओं पर संभागीय आयुक्त, श्री आशीष सक्सेना के साथ बैठक आयोजित

### व्यवसाई जीडीए को शेष किस्तों पर नहीं देंगे ब्याज : एमपीसीसीआई

ग्वालियर। माधव प्लाजा के व्यवसाईयों की समस्याओं के संबंध में आज एमपीसीसीआई के पदाधिकारी ने संभागीय आयुक्त-श्री आशीष सक्सेना जी से उनके मोतीमहल स्थित कार्यालय में भेंट की और एमपीसीसीआई, अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल एवं मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने संभागीय आयुक्त महोदय से स्पष्ट रूप से कहाकि माधव प्लाजा के हितग्राही किसी भी कीमत पर जीडीए को ब्याज नहीं देंगे क्योंकि काफी विलंब के बाद जीडीए को आवश्यक एनओसी प्राप्त हुई हैं, तब जीडीए द्वारा माधव प्लाजा के हितग्राहियों से रजिस्ट्री कराने के लिए कहा जा रहा है । प्रोजेक्ट बनाने से रजिस्ट्री कराने तक जो विलंब हुआ है, उस अवधि का हितग्राहियों से ब्याज माँगा जा रहा है, जो कि गैर कानूनी एवं रेरा की शर्तों के प्रतिकूल है । इसलिए स्पष्ट रूप से कहा गया कि हितग्राही ब्याज की राशि नहीं देंगे । संभागीय आयुक्त, श्री आशीष सक्सेना जी ने एमपीसीसीआई के पदाधिकारियों से कहाकि मैं, आपकी बात से सहमत हूँ और आपका यह प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किया जाएगा । साथ ही, आपने कहाकि संधारण शुल्क रजिस्ट्री के तीन माह बाद तक नहीं लिया जाएगा और दुकान खुलने के तीन माह तक भी संधारण नहीं लेंगे । आशय यह है कि जिस दिन रजिस्ट्री हो जाएगी, उसके तीन माह बाद यदि दुकान नहीं खोली गई, तो संधारण शुल्क हितग्राही को देना होगा । साथ ही, आपने कहाकि जो दुकानदार ब्याज के ऊपर शासन का निर्णय आने तक अगर बिना ब्याज के बकाया किस्त जमा करने को तैयार हैं, यदि ऐसा प्रस्ताव व्यापारियों की ओर से आता है, तो उस पर सहानुभूति पूर्वक निर्णय लिया जाएगा ।

## गौरवशाली सामाजिक संस्था की पत्रिका का हुआ विमोचन





**विवेक चौहान**

ग्वालियर। गौरवशाली सामाजिक संस्था (रजि.)एक प्रयास मानवता की ओर की पत्रिका का विमोचन रविवार को माधव विधि महाविद्यालय ग्वालियर में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ऋतुराज सिंह चौहान एडीजे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री माया सिंह, अतिथि विधायक डॉ सतीश सिकरवार, डॉ नीति पांडे प्राचार्य माधव विधि महाविद्यालय, डॉ वीणा प्रधान, जेसीआई अध्यक्ष कविता सोनी एवं मंचासीन अतिथियों ने पत्रिका विमोचन के शुभ अवसर पर संस्था अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा एवं संस्था परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।पत्रकार बंधुओं एवं सामाजिक संगठनों एवं शहर के कई समाजसेवियों का अतिथियों ने सम्मान किया। बच्चों द्वारा कई मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। लगभग डेढ़ सौ लोगों को सम्मानित किया गया। मां जगत जननी राजराजेश्वरी बीजासेन माता मंदिर महलगांव ग्वालियर की असीम कृपा एवं संस्था परिवार की ओर से 5 निर्धन परिवारों को सामर्थ्य अनुसार राशन सामग्री वितरित की। संस्था की ओर से संरक्षक गण श्रीमती रीता डोगरा,इंजीनियर विजय शर्मा, पंडित दिनेश शर्मा, नरेंद्र चौहान, श्याम श्रीवास्तव, यशपाल कपूर, संस्था अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा,संस्था सचिव वासुदेव मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद नरवरिया, कोषाध्यक्ष अंजली नरवरिया, उपाध्यक्ष अधिवक्ता प्रियंका झा, वार्ड अध्यक्ष रानी गौड़, सुनीता तोमर, सपना पाल, सदस्य नीलम कुशवाह, प्रभा मिश्रा, सुनील राजपूत, लक्ष्मी राजपूत, गजराज गौड़ ने सभी मंचासीन अतिथियों एवं सम्मान प्राप्त करने वाले सभी का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन संस्था सचिव वासुदेव मिश्रा एवं उपाध्यक्ष अधिवक्ता प्रियंका झा ने किया। संस्था सचिव वासुदेव मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

## 3 एम क्लब के ने किया ओपन माइक का आयोजन

**ग्वालियर**
**(अर्पित गुप्ता)**

ग्वालियर के नए कलाकारों के लिए 3 एम. क्लब के द्वारा फूल बाग स्थित लॉयन क्लब में एक ओपन माइक का आयोजन किया गया।जिसमें कई विधाओं की प्रतियोगिताएं हुई,जिसमें से काव्य पाठ,कविता,नाच एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें शहर के कई कलाकारों ने उत्साह से भरकर भाग लिया और अपनी-अपनी विधाओं का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में 3 एम क्लब के द्वारा ग्वालियर शहर से आने वाले कलाकारों की प्रतिभा को निखार ना प्रथम उद्देश्य रहा।क्लब द्वारा हर बार की तरह इस बार का आयोजन बेहद ही विशाल रहा, जिसमें कई कलाकारों ने शिरकत की किसी ने कविता की पंक्तियों पर खूब वाह-वाह लूटी तो किसी के गानों पर तालियों की गड़गड़ाहट बंद नहीं हुई।ओपन माइक में सूर्यांश त्रिपाठी द्वारा कहानी को प्रस्तुत किया,जिससे दर्शकों की आंखें नम हो गई।वही कुछ विशेष प्रस्तुति आ रही जिसमें शांतनु सिंह ने अपनी काव्य पाठ से सबकी तारीफ है हासिल की कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में शिराली रुनवाल, योगेश जी और कुणाल कटारिया जी रहे।3~00 एम.क्लब के फाउंडर अमर सक्सेना समेत क्लब के कई सदस्य अंकित शर्मा, धर्मवीर सिंह गुर्जर,कंचन दुबे, विनी,रामानुज,पंकज उपाध्याय, सुप्रिया,आशीष पाठक आदि मौजूद रहे।



GPS BASED VEHICLE TRACKING SYSTEM & MANAGEMENT FROM W2TRACK SOLUTIONS
Please call us for demo/order: +91 9827270016/7738373527/7738373526
जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग और वाहन प्रबंधन प्रणाली - अपने परिवहन प्रणाली को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाएं।
W2TRACK
✓GPS based Track, Monitor & Analyze your vehicles in real-time
✓Digital records of all your fleet operations at Central place
✓Optimise your Routes, Scheduling and Dispatch
✓Improve Driver Behaviour, remotely immobilize vehicle etc.
✓Improve productivity, efficiency & safety
✓Manage fleet expenses & reduce operational cost (ROI)
✓Power Your Fleets with Latest AIS 140 GPS Devices
Website & Mobile based Application/Software
MAKE IN INDIA
₹2999
Basic GPS Based Fleet Monitoring System with Advanced Reporting
RTO Approved INTEGRATED AIS 140 GPS Device (ARAI/ICAT Approved)
PUBLIC TRANSPORT VEHICLES
-SCHOOL BUSES
-TAXI/CABS
-TRANSIT BUSES
-INTERCITY BUSES
COMMERCIAL VEHICLES
SABA TECHNOSOFT
Deliver The Best, Performance Assured
₹5999
GSTIN: 27ACUFS2949C1ZO www.w2track.com (Locations PAN India GPS Service)

## विधानसभा खेरागढ़ में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी की बैठक का आयोजन



**जिला रिपोर्टर राहुल कुमार की रिपोर्ट**

नगर पंचायत खेरागढ़ में तहसील खेरागढ़ के सामने भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अन्नपूर्णा ग्रामोद्योग संस्थान के तहसील प्रबंधक दीपेन्द्र सिंह सिकरवार व उनके सहयोगी राहुल कुमार जाटव व डॉ हरीशचंद्र नागर ने की बैठक में गणतन्त्र दिवस के अवसर पर निकलने वाली सन्ति परेड के विषय मे चर्चा की गई व संगठन का विस्तार और उसकी रणनिति को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी के विधानसभा सभा अध्यक्ष हेम सिंह ,भीम आर्मी विधानसभा अध्यक्ष रजत कुमार व पार्टी के कार्य कर्ता, विशाल सिंह, महावीर, सत्यवीर, संदीप, अनेश, सत्यपाल, सिसुपल, रसमेश्वरदयाल , आकाश, मोनू, सहीद उस्मानी ,संदीप, और रंजीत आदि कार्य कर्ता मौजूद रहे।

प्रो.- विपिन सिंह तोमर
(संचालक सौम्या प्रॉपर्टी डीलर)
मो.-9301759475
9713253992
मेल- vipintomar172@gmail.com
सौम्या प्रोपर्टी डीलर
आवासीय भूमि (प्लॉट, फ्लैट, मकान, बंगला, खरीदने, बेचने व किराये) पर लेने देने के लिये सम्पर्क करें
ग्वालियर शहर में प्रोपर्टी खरीदने व बेंचने के लिये सम्पर्क करें
पता- दुकान न. 3/4 तोमर मार्केट, गायत्री मंदिर वाली गली, पिंटो पार्क, ग्वा.

PTV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कालोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निग्रर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कालोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478